सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 104 गुरुग्राम (हरियाणा), 'सोमवार 16 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप देश का सबसे पहला विकसित राज्य बनेगा हरियाणा : नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री ने 44 करोड़ 83 लाख रुपये की 6 परियोजनाओं से पिपली, लाडवा और थानेसर क्षेत्र को दी सौगात

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप हरियाणा देश का सबसे पहला विकसित राज्य बने। सरकार जो कहती है, वो करके भी दिखा रही है। विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के 217 संकल्पों में से 76 संकल्प दो साल में ही पूरे कर दिखाए हैं, बाकी 141 संकल्पों पर काम तेजी से चल रहा है। किसी भी प्रदेश व क्षेत्र का विकास आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में आई सुविधा से मापा जाता है। जब घर-आंगन से लेकर गांव की चौपाल तक बदलाव दिखाई दे, तभी विकास का वादा धरातल पर उतरता है। जनसेवा हमारे लिए केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के प्रति हमारा धर्म है। मुख्यमंत्री रविवार को जिला कुरुक्षेत्र में नीलधारी गुरुद्वारा पिपली साहिब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पिपली, लाडवा और थानेसर क्षेत्र को 44 करोड़ 83 लाख रुपए की 6 परियोजनाओं की नई सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 13 करोड़ 36 लाख रुपये की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन और 31 करोड़ 47.40 लाख रुपये की 2 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने छठ पर्व की बधाई दी। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र हमारी सभ्यता, आस्था और जीवन-दर्शन का केंद्र है। इसी भूमि से भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म, कर्तव्य और लोककल्याण का संदेश पूरी दुनिया को दिया। आज की ये परियोजनाएं उसी कर्म-संकल्प को साकार करने का प्रयास हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा हलके के पिपली, बीड़ पिपली और पिपली-लाडवा रोड की कॉलोनियों के लिए 22 करोड़ 47 लाख रुपये की सीवरेज व्यवस्था और 6.50 एम.एल.डी. पंपिंग स्टेशन की आधारशिला रखी गई है। अब बरसों पुरानी जल-निकासी की समस्या का अब स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सेक्टर-28 और जोगना खेड़ा में 12 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बने 33 केवी के दो सब-स्टेशन शुरू हुए हैं। इनसे बिजली की आपूर्ति और मजबूत होगी। मिर्जापुर और दयालपुर में उप-स्वास्थ्य केंद्र खुले हैं। अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, स्वास्थ्य सुविधा गांव में ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि 9 करोड़ रुपये से केडीबी रोड का नवीनीकरण और सौंदर्गीकरण होगा। धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत अब भव्य कुरुक्षेत्र द्वार और उमरी द्वार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में विकास और विरासत, दोनों को साथ लेकर चल रहे हैं। लाडवा में 50 बेड का नागरिक अस्पताल बनाया गया है। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से बना कुरुक्षेत्र का एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जनता को समर्पित किया जा चुका है। रोहतक के बाद यह देश का दूसरा ऐसा ट्रैक है। खेड़ी रामनगर में नर्सिंग कॉलेज बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में 164 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला रखी और पांचजन्य की प्रतिकृति का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नीलधारी गुरुद्वारा पिपली साहिब में टेका माथा, प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की अरदास की



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र के पिपली स्थित ऐतिहासिक नीलधारी गुरुद्वारा पिपली साहिब में माथा टेका और प्रदेश के नागरिकों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गुरुद्वारा पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया और संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुद्वारा पिपली साहिब का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यहां आकर मन को असीम शांति मिलती है। सिख गुरुओं ने हमें मानवता, सेवा और भाईचारे का मार्ग दिखाया है। प्रदेश सरकार भी इसी मार्ग पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरपर्सन माफी ढांडा, गुरुद्वारा कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

मुख्यमंत्री ने जगाधरी में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बने आधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो का किया लोकार्पण

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज जगाधरी में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित आधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह डिपो यमुनानगर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने के साथ-साथ प्रदेश में हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल बस डिपो नहीं, बल्कि हरियाणा के स्वच्छ और हरित भविष्य का पावर हाउस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में जगाधरी से 5 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में ग्रीन ट्रांसपोर्ट की शुरुआत की गई थी। उसी वर्ष 12 मार्च को इस डिपो के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। लगभग पौने तीन वर्ष में यह परियोजना पूरी हुई है। उन्होंने इसके निर्माण में योगदान देने वाले इंजीनियरों, श्रमिकों और अधिकारियों की टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस डिपो में आधुनिक बस कार्यशाला, एक साथ छह बसों को चार्ज करने की क्षमता वाले छह इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, आधुनिक वाशिंग स्टेशन और सुसज्जित प्रशासनिक भवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में हर 50 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन लगाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और हरित भारत, स्वच्छ भारत के विजन से देश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में व्यापक बदलाव आ रहा है। प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे ले जाना है और हरियाणा इस संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इस वर्ष के अंत तक चलेंगी 375 इलेक्ट्रिक बसें: मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिटी बस सेवा शहरी जीवन की आवश्यकता बन चुकी है। हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड प्रदेश में आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित कर रही है। वर्तमान में प्रदेश के 10 बड़े शहरों में 155 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। इस वर्ष के अंत तक इनकी संख्या बढ़ाकर 375 कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष के बजट में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों से इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की घोषणा की गई थी। इसी दिशा में 10 शहरों में इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाए जा रहे हैं।

छठ पूजा प्रकृति, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम, यह पर्व हमें अपनी मूल जड़ों से जोड़ता है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में राज्य स्तरीय छठ महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को यमुनानगर में आयोजित राज्य स्तरीय छठ महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों, विशेषकर पूर्वांचल से जुड़े लोगों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ मैया की कृपा सभी पर बनी रहे और सबका जीवन सुख, समृद्धि एवं खुशियों से परिपूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने घाट पर पूजा अर्चना कर छठी मैया का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां यमुना की पावन धरती पर हम सभी छठ मैया का आशीर्वाद लेने के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रकृति और संस्कृति का यह अद्भुत संगम हमें अपनी मूल जड़ों से और अधिक मजबूती से जोड़ता है। आज वे उस महान परंपरा का सम्मान करने के लिए यहां आए हैं, जिसे बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों ने अपनी आस्था और परिश्रम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का संबंध हरियाणा की धरती से भी रहा है। एक मान्यता के अनुसार, छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी और सूर्यपुत्र कर्ण ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में सूर्य देव की उपासना की शुरुआत की थी। इस प्रकार यह पर्व हमारी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है।

श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल के मेहनती और कर्मठ भाई-बहन आज देश के विभिन्न प्रदेशों में अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी छठ पर्व को राष्ट्रीय पर्व की संज्ञा दी है, जो इस पर्व की व्यापक सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार श्रमिकों के कल्याण, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले 12 वर्षों में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए 3,931 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके अलावा, हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा भी श्रमिकों के कल्याण पर लगभग 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए कन्यादान योजना के तहत 1 लाख 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार ने वेतन सीमा में वृद्धि करके अधिक से अधिक औद्योगिक एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में शामिल किया है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के अपने घर का सपना साकार करने के लिए प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता योजना भी लागू की गई है।

छठ पूजा के लिए प्रदेश में विकसित की जा रही सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल के लोगों की आस्था और परंपराओं का सम्मान करना तथा उनके हितों की रक्षा करना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। इसी भावना के अनुरूप सरकार द्वारा छठ पूजा के आयोजन के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि करनाल में 4 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से स्नान घाट का निर्माण किया गया है। इसी घाट के सामने नहर के दूसरे किनारे पर भी स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत घाट का निर्माण हो चुका है। इसके अतिरिक्त पंचकूला में भी छठ पूजा के लिए घाट बनाया गया है। पानीपत और सोनीपत में भी घाटों का निर्माण किया जा चुका है।

अंग्रेजों द्वारा जिन अनसंग हीरोज को पेड़ों पर टांगकर गोलियां मारी, उन पर कोल्हू चलाए उनकी आत्मिक शांति के लिए आज हवन-यज्ञ के बाद शहीद स्मारक जनता के लिए खोला गया : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

1857 के वीर शहीदों के इतिहास को भूला दिया गया था, उन शहीदों की याद में हमने अम्बाला छावनी में शहीद स्मारक बनाया : अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि 1857 में आजादी की पहली लड़ाई के दौरान अंग्रेजों द्वारा जिन क्रांतिकारियों को पेड़ों से टांग-टांग कर गोलियां मारी गईं और जिन पर कोल्हू चलवाए गए और जो गांव के गांव जला दिए गए, ऐसे सभी ज्ञान-अज्ञात शहीदों की आत्मा की शांति के लिए आज हमने शहीद स्मारक में हवन यज्ञ किया है और आज से ही शहीद स्मारक लोगों के लिए खुल गया है। लोग स्मारक में आकर शहीदों की कुर्बानियों की गाथायों को देख सकते हैं। श्री विज आज अम्बाला छावनी में 1857 आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक में हवन यज्ञ के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 1857 की आजादी की लड़ाई कांग्रेस के जन्म से 28 साल पहले सारे देश में लड़ी गई थी, उसके इतिहास को भूला दिया गया था। उन शहीदों की याद में हमने अंबाला छावनी में एक भव्य शहीद स्मारक बनाया है और देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने 5 नवंबर को इसका लोकार्पण कर दिया है। यह लड़ाई अंबाला छावनी से शुरू हुई थी और पूरे देश में ऐसा एक भी स्मारक नहीं है, जिसमें आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित सभी शहीदों को दिखाया गया हो।

उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक में 23 गैलरी हैं और इसे देखने में लगभग 6 घंटे लगते हैं। यहां रात को लाइट एंड साउंड शो भी दिखाया जाएगा। इसमें एक गैलरी ऐसी बनाई गई है, जिसमें वह चाहते हैं कि हर दर्शक जरूर जाए। वह गैलरी जहां सभी शहीदों को जाकर अपनी श्रद्धांजलि देंगे। यहां ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि श्रद्धांजलि देने वाले का नाम भी रजिस्टर होगा। उन्होंने यहां आने वाले लोगों से आह्वान किया कि लोग इस गैलरी में अवश्य जाएं और शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए वहां श्रद्धांजलि अर्पित करें।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि इस शहीदी स्मारक को बनाने में लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत आई है और इसकी बुकिंग खुल गई है। अभी ट्रायल रन किया जा रहा है, इसलिए एक दिन में केवल 500 लोगों को शहीद स्मारक में जाने की अनुमति दी गई है। आज से यानी 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक जो बुकिंग कराएगा, उसकी एंट्री फ्री है। बुकिंग ऑनलाइन भी हो रही है। उन्होंने बताया कि अभी जो बुकिंग हुई थी, उसमें कुछ लोगों ने बिना आधार कार्ड के बुकिंग कर दी थी, तो हमने उसे कैंसिल कर दिया था और उनके स्लॉट खाली हो गए थे। अब हमने आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया है। अब बिना आधार कार्ड के बुकिंग होगी ही नहीं। इस महीने की कुछ सीटें खाली हो गई हैं। अगर लोग जाएंगे तो उनमें बुकिंग कर सकेंगे और जल्दी ही हम शुल्क बुकिंग भी शुरू कर देंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम चाहते हैं कि नया इतिहास, जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लिखने का काम किया है, वह आने वाली पीढ़ी को जरूर दिखाया जाए क्योंकि पहले तो इनके बारे में गलत ही पढ़ाते थे, शहीदों बारे में कभी बताया नहीं गया। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए एक कदम भी किसी ने अपने घर से बाहर निकाला, तो वह उनके चरण स्पर्श करते हैं। मगर जिनको भुला दिया गया, उनकी याद में यह स्मारक बनाया गया है। वह चाहते हैं कि युवा पीढ़ी इसे जरूर देखे। हमने सरकार को भी लिखा है कि सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों तथा कॉलेजों के बच्चों को यहां स्मारक दिखाने के लिए व्यवस्था की जाए।

इसके उपरान्त श्री विज ने संग्रहालय में जाकर टिकटिंग व्यवस्था को भी परखा और यहां पर आजादी की पहली लड़ाई (इवेन्ट स्पोर्टस अम्बाला छावनी) यानी अम्बाला से जो आजादी की क्रांति शुरू हुई थी, उस पर आधारित फिल्म को देखा। यहा यह भी बता दें कि यह फिल्म श्री विज द्वारा स्वयं बनाई गई। इस फिल्म में यह दर्शाया गया है कि आजादी की लड़ाई में अम्बाला से सम्बधिंत घटना में 135 लोग मारे गए थे, जिनमें से 33 बंदी थे।

पीएम सेतु के तहत कुरुक्षेत्र, कैथल व अंबाला में 7 आईटीआई के कलस्टर पर खर्च किया जाएगा 320 करोड़ रुपये का बजट : नायब सिंह सैनी

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 320 करोड़ रुपये की लागत से पीएम सेतु के अंतर्गत कुरुक्षेत्र, कैथल और अम्बाला की सात आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इन सेंटरों में आईटी, इंटरनेशनल मोबिलिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस तथा ऑडियो वीडियो एंड ग्राफिक्स जैसे भविष्य के क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नवीन अवसर कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष में 10,000 से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने का संकल्प है। हमारा उद्देश्य युवाओं को जर्मनी, जापान, इटली, फिनलैंड और ओमान जैसे देशों में सम्मानजनक और सुरक्षित रोजगार उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री रविवार को लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गांव बहलोलपुर महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर का लोकार्पण किया और लाडवा विधानसभा की 43 करोड़ 31 लाख रुपये की 6 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने स्किल सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से संवाद किया। युवाओं द्वारा तैयार एग्रीटेक ड्रोन तकनीक को जाना और जॉब मेले का अवलोकन भी किया। इस दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद श्री नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के सपनों, संभावनाओं और आत्मनिर्भरता का नया द्वार है। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों में किये वादे को पूरा करते हुए लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर की स्थापना की है, जहां युवाओं को कौशल में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कैथल में भी लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से आरकेएसडी-नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर युवाओं के सपनों को नई उड़ान दे रहा है।

गरीब बच्चों को पढ़ाने के नाम पर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने वाली चार महिलाएं गिरफ्तार

थाना सेक्टर-56 की पुलिस टीम द्वारा गांव घाटा में की गई छापेमारी के बाद की कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



- ईसाई धर्म अपनाने के लिए बच्चों को किया जा रहा था प्रेरित, सीसीटीवी फुटेज व एक मोबाइल फोन कब्जे में लिए

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था ये महिलाएं गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाने के लिए शनिवार को घाटा के नजदीक एक स्कूल चला रही थी, जहां बच्चों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और मामला सही पाए जाने पर चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक मोबाइल फोन व सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले ली है।

इस मामले में गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान सुमन कुमारी (21 वर्ष) निवासी कोसलपुरी, आजादपुर, दिल्ली, राजकुमारी चाओबा सिंह (36 वर्ष) निवासी जिला विष्णुपुर, मणिपुर (वर्तमान निवासी सेक्टर-86, गुरुग्राम), अशमिता चाहार (35 वर्ष) निवासी नेपाल (वर्तमान निवासी कोटला, दिल्ली) वललनपुई (वर्ष-31 वर्ष) निवासी आइजोल, मिजोरम (वर्तमान निवासी द्वारका, दिल्ली) के रूप में हुई है। आरोपी महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि आरोपी महिला ललनपुई एक निजी कम्पनी में एचआर के पद पर कार्य करती है। आरोपी अशमिता चाहार एक हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के लिए स्वयं सेवक के रूप कार्यरत है। जबकि आरोपी महिला राजकुमारी चाओबा सिंह एक निजी कम्पनी में लीड एनालिस्ट के पद पर कार्यरत है। वहीं आरोपी सुमन ने गत वर्ष ही ग्रेजुएशन की है और अभी बी। एड के लिए तैयारी करती है।

ये सभी करीब पिछले एक साल से शनिवार के दिन दिल्ली से गुरुग्राम में आकर बच्चों को शिक्षा व खाने-पीने की वस्तुएं देने के नाम पर निजी पाठशाला संचालित करते हुए उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रही थी। सेक्टर-56 थाना पुलिस को दी लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि गांव घाटा में एसपीआर रोड स्थित सर्विस स्टेशन के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों एवं कच्चे कमरों में कुछ अज्ञात व्यक्ति व महिलाएं गरीब परिवारों के छोटे बच्चों के लिए निजी पाठशाला संचालित कर रहे हैं और बच्चों को खाने-पीने की वस्तुएं एवं अन्य जरूरी सामान वितरित करने के साथ-साथ धर्मांतरण संबंधी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। उन लोगों के द्वारा पाठशाला संचालित करने व खाने-पीने की वस्तुएं वितरित कर बच्चों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी सुखपाल के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपी महिलाओं को काबू कर लिया गया। साथ ही पुलिस ने हरियाणा प्रीवेंशन ऑफ अनलॉफुल कन्वेंशन ऑफ रिलीजीयन एक्ट 2022 एवं बीएनएस की धारा 3(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक व एक स्कूली बच्ची घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक व एक स्कूली बच्ची घायल हो गए हैं। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो हादसों में बाइकों को कार व निजी बस ने टक्कर मारी थी। वहीं, बच्ची को कैंटर ने अपनी चपेट में ले लिया था। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर फर्रुखनगर थाना और खेड़कीदौला थाने में 14 नवंबर को सड़क हादसे संबंधी धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फर्रुखनगर थाने में दी शिकायत में ताजनगर गांव निवासी भूमि यादव ने पुलिस को बताया कि 4 नवंबर को वह बुलेट बाइक पर सवार होकर कॉलेज से अपने घर की ओर जा रहा था। शाम करीब 4 बजे जब वह जाटी वाला मोड़ के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार एक निजी बस चालक ने पिकअप गाड़ी को ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया। हेलमेट पहना होने से सिर व चेहरे पर चोटें नहीं लगी। हादसे में उसके पैर की हड्डी टूट गई। हादसे के बाद चालक बस को लेकर मौके से भाग गया। राहगीरों ने घायल युवक के परिवार वालों को सूचना दी और उसे उपचार के लिए सेक्टर-90 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

दूसरे मामले में राजस्थान के दौसा निवासी शैलेंद्र कसाना ने खेड़कीदौला थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम के बादशाहपुर में किराये पर रहकर योग कराने का काम करता है। एक नवंबर की दोपहर करीब एक बजे वह बाइक पर सवार होकर सेक्टर-82 की ओर जा रहा था। जब वह खेड़कीदौला टोल के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक कार को लेकर मौके से भाग गया। हादसे में शैलेंद्र कसाना के बांये पैर में फ्रैक्चर हो गया। राहगीरों ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। जिसके बाद पुलिस टीम व एंबुलेंस में मौके पर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद युवक के परिवार वाले उसे राजस्थान के जयपुर में रेफर करा ले गए। वहीं, तीसरे मामले में नखडोला गांव निवासी ममता ने खेड़कीदौला थाने में शिकायत में बताया कि वे 5 नवंबर को अपनी साढ़े चार साल की बेटी को स्कूल लेने गई थीं। जब वे बेटी को स्कूल से लेकर कुछ कदम ही चली थी, इसी दौरान वहां से तेज रफ्तार कैंटर ने साइड से बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बच्ची के सिर व दांये पैर में चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने कैंटर रूकवाकर चालक को पकड़ लिया। मौके पर कैंटर मालिक भी पहुंचा। हादसे में घायल बच्ची को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने सभी आरोपियों को भेजे नोटिस, एसीपी उद्योग विहार कर रहे जांच

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के चर्चित कंपनी से जुड़े निदेशकों समेत नौ लोगों के खिलाफ इंटरनेशनल सेक्स रैकेट चलाने और विदेशी महिलाओं के शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी। इस शिकायत को लेकर अब एसीपी को जांच सौंपी गई थी। एमरल्ड कोर्ट स्थित वंशनी फाउंडेशन ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। शिकायत में कई देशों में कथित नेटवर्क संचालित होने व गुरुग्राम स्थित प्रॉपर्टीज के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं और जांच एसीपी उद्योग विहार को सौंपी है। शिकायत में ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के निदेशकों अमरजीत बख्शी, कवलजीत बख्शी, नूर बख्शी, सनम बख्शी, संजीत बख्शी, शिव बख्शी, चिराग गहलोत, अशोक अग्रवाल और सौरभ भारद्वाज सहित अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, कथित नेटवर्क के जरिए विभिन्न देशों से महिलाओं को बुलाकर सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली, सेंट्रल पार्क-3 और अन्य संबंधित संपत्तियों में ठहराने तथा देह व्यापार में धकेलने का आरोप है। फाउंडेशन ने कुछ महिलाओं की उम्र को लेकर भी संदेह जताया है और नाबालिगों के संभावित शोषण की आशंका व्यक्त की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

शिकायत में सोहना शहर थाने में दर्ज वर्ष 2023 और 2024 के दो मुकदमों का भी हवाला दिया गया है। फाउंडेशन का दावा है कि इन मामलों में गिरफ्तार कुछ लोगों के मोबाइल और लैपटॉप से मिले कथित डिजिटल डेटा में नेटवर्क से जुड़ी गतिविधियों के संकेत हैं। शिकायत में महिलाओं की आवाजाही, ठहरने की व्यवस्था, तस्वीरों के प्रसार और कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए यौन सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। पुलिस की ओर से फिलहाल मामले की जांच किए जाने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

पार्षद व उसके पिता पर हमला करने के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

पार्षद व उसकी पत्नी के बीच चल रहा था विवाद, सुलह के बहाने बुलाकर मारपीट करने का आरोप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में आपसी पारिवारिक विवाद को सुलझाने पहुंचे भाजपा पार्षद प्रथम वशिष्ठ और उनके पिता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता प्रवीण वशिष्ठ पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शुक्रवार को गांव सिलोखरा में हुई इस वारदात में आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियारों, हॉकी स्टिक और पिस्तौल के बट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुग्राम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और पार्षद के ससुर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सुलह के बहाने बुलाकर हमला करने का आरोप

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड नंबर-14 से भाजपा पार्षद प्रथम वशिष्ठ की शादी 20 फरवरी 2022 को सिलोखरा गांव निवासी सतबीर शर्मा की बेटी से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव चल रहा था, जिसके चलते पार्षद की पत्नी अक्टूबर 2025 से अपने मायके सिलोखरा में रह रही थीं।

धारदार हथियारों और पिस्तौल के बट से किया हमला

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने पहले से रची साजिश के तहत घर के दरवाजे बंद कर लिए और पिता-पुत्र पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने दोनों को लाठी-डंडों, हॉकी स्टिक और धारदार हथियारों से बेरहमी से पीटा। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ससुर सतबीर शर्मा ने भाजपा नेता प्रवीण वशिष्ठ के सिर पर पिस्तौल के बट से वार किया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। हमले के दौरान आरोपियों ने पार्षद प्रथम वशिष्ठ का मोबाइल फोन भी छीन लिया ताकि वे किसी को मदद के लिए फोन न कर सकें। शोर-शराबा सुनकर आसपास के स्थानीय लोग मौके पर जमा हुए और किसी तरह घायल पिता-पुत्र को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। वहीं जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रहे मशीन ऑपरेटर की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर में सडक़ हादसे में स्कूटी से ड्यूटी पर जा रहे 36 वर्षीय मशीन ऑपरेटर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और हादसे को अंजाम देने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी गई शिकायत में राजकुमार पौदार निवासी नवादा फतेहपुर, गुरुग्राम ने बताया कि उनका दामाद कन्हैया जगदीश पौदार सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर स्थित एक कंपनी में मशीन ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। उसकी ड्यूटी रात की शिफ्ट में थी। वह 14 नवंबर को रात करीब 8:45 बजे रोजाना की तरह अपनी स्कूटी से ड्यूटी के लिए घर से निकला था। कुछ समय बाद परिजनों ने उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। बाद में पुलिस ने फोन रिसीव कर परिजनों को उसके सडक़ हादसे का शिकार होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां कन्हैया गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने उसे नागरिक अस्पताल गुरुग्राम पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर पड़ी बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात चालक ने तेज गति और लापरवाही से बाइक चलाते हुए कन्हैया की स्कूटी को टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और बाइक चालक पर केस दर्ज कर लिया।

मूवी देखने गए व्यक्ति की स्कूटी चोरी, राजस्थान से आरोपी गिरफ्तार



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के एक मॉल के बाहर से स्कूटी चोरी करने के मामले में न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने एक आरोपी को राजस्थान के नीमराना से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहन निवासी रामप्रसाद कॉलोनी, फलोदपुर, नीमराना (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 8 अक्टूबर 2026 की शाम सेक्टर-4/7 चौक स्थित आईनोक्स ड्रीम्स मॉल में फिल्म देखने गया था। उसने अपनी स्कूटी मॉल के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। रात करीब एक बजे फिल्म देखकर लौटने पर स्कूटी गायब मिली। इसके बाद 9 अक्टूबर को न्यू कॉलोनी थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 15 नवंबर को आरोपी को नीमराना से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए उसने स्कूटी चोरी की थी। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

किशोरी से गैंगरेप मामले में नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे मुख्यमंत्री : कांग्रेस नेता मनदीप खटाना

ओपन सर्च/वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता

सोहना। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनदीप खटाना दमदमिया ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक किशोरी से गैंगरेप वाले मामले में पकड़े गए 4 आरोपियों धीरज विष्ठ, नितिनपाल, अंश खत्री और हिमांशु गौनी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े होने का दावा करते हुए कहा कि इन चारों आरोपियों को आईटीआई गैंग के रूप में वहां जाना जाता है और इस गैंगरेप का मुख्य आरोपी धीरज विष्ठ छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से एमवीपीजी कॉलेज से अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी रह चुका है। इतना ही नही गैंगरेप में पकड़े गए चारों आरोपी हल्द्वानी के अलग-अलग कॉलेजों के छात्र है। युवा कांग्रेस नेता मनदीप खटाना दमदमिया ने कहा कि गैंगरेप में इन चारों की संलिप्तता से साफ हो गया है कि इनका एबीवीपी से जुड़ाव रहा है। पकड़ में आए आरोपियों पर आरोप है कि वह बारह नवम्बर की रात एक किशोरी को डरा-धमकाकर एक होटल में ले गए और उसके साथ सामूहिक रूप से गैंगरेप कर अपनी हवस की भूख मिटाई। उन्होने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने में देरी नही लगानी चाहिए।

किशोरी से गैंगरेप मामले में नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे मुख्यमंत्री : कांग्रेस नेता मोहित तंवर एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मोहित तंवर एडवोकेट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक किशोरी से गैंगरेप वाले मामले में पकड़े गए 4 आरोपियों धीरज विष्ठ, नितिनपाल, अंश खत्री और हिमांशु गौनी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े होने का दावा करते हुए कहा कि इन चारों आरोपियों को आईटीआई गैंग के रूप में वहां जाना जाता है और इस गैंगरेप का मुख्य आरोपी धीरज विष्ठ छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से एमवीपीजी कॉलेज से अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी रह चुका है। इतना ही नही गैंगरेप में पकड़े गए चारों आरोपी हल्द्वानी के अलग-अलग कॉलेजों के छात्र है। युवा कांग्रेस नेता मोहित तंवर एडवोकेट ने कहा कि गैंगरेप में इन चारों की संलिप्तता से साफ हो गया है कि इनका एबीवीपी से जुड़ाव रहा है। पकड़ में आए आरोपियों पर आरोप है कि वह बारह नवम्बर की रात एक किशोरी को डरा-धमकाकर एक होटल में ले गए और उसके साथ सामूहिक रूप से गैंगरेप कर अपनी हवस की भूख मिटाई। उन्होने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने में देरी नही लगानी चाहिए।

वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र के बिना 162 वाहनों के किए चालान, पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाने काम शुरू

कई पीयूसी प्रमाण पत्र बनाने वाले भी अवैध मिले, डेढ महीने बाद पीयूसीसी को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में बिना वैध पीयूसीसी के चलाए जा रहे वाहनों पर परिवहन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। एक तरफ पेट्रोल व सीएनजी पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाने काम शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर बिना पीयूसीसी वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। पहले दिन 162 वाहनों के चालान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने चालान किए। इसके अलावा फर्जी पीयूसीसी बनाने वाले सेंटरों को सील करने की कार्रवाई तेज कर दी है। वहीं बिना पीयूसीसी के वाहनों की पहचान के लिए जिला के 300 पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाने का काम तेज कर दिया है। परिवहन विभाग के सचिव संजीव सिंगला ने बताया कि जिला में पीयूसीसी बनाने वाले 349 सेंटर हैं, जिनकी जांच की जा रही है। अभी तक जिला में छह अवैध पीयूसीसी सेंटर की आईडी सील की जा चुकी है। सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) ने एनसीआर में बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर पीयूसीसी के बिना चल रहे वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए यह आदेश जारी किए गए थे। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों की अनुपालना में गुरुग्राम जिले के पेट्रोल पंपों पर पहले चरण में 300 ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को लगाने का कार्य रविवार शुरू कर दिया। जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव संजीव सिंगला ने बताया कि सीएक्यूएम के निर्देश पर एनसीआर में गत 1 अक्टूबर 2026 से 'वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र नहीं, तो ईंधन नहीं' की व्यवस्था लागू की गई थी। इसके तहत बिना वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र वाले वाहनों को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। लेकिन अब डेढ महीने बाद गुरुग्राम में सख्ती शुरू हो गई है।

पेट्रोल पंपों पर हिंदी और अंग्रेजी में लगेंगे चेतावनी बोर्ड

संजीव सिंगला ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों को प्रवेश द्वार और ईंधन भरने वाले स्थानों पर हिंदी एवं अंग्रेजी में स्पष्ट और प्रमुखता से दिखाई देने वाले चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

इन पर लिखा होगा कि 'वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र नहीं—ईंधन नहीं। ई-चालान एवं दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र सुनिश्चित करें।'

एनसीआर में पड़ने वाले हरियाणा के जिलों में लगाए जाएंगे 21 सौ एएनपीआर कैमरे

संजीव सिंगला ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में पड़ने वाले हरियाणा के जिलों के पेट्रोल पंपों पर कुल 21 सौ एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। इसी कड़ी में गुरुग्राम को 300 कैमरे पहले चरण मिले हैं। इन कैमरों को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुग्राम जिला में 309 पेट्रोल-डीजल व 78 सीएनजी पंप हैं, जहां कैमरे लगाने हैं।

पेट्रोल पंप पर बिना पीयूसीसी के नहीं मिलेगा ईंधन, होगा अनाउंसमेंट

इसी कड़ी में अब पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे, इन कैमरों के माध्यम से पंप पर ईंधन डलवाने वाले वाहनों की ऑटोमेटिक तरीके से पहचान होगी कि वाहन का प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट (पीयूसी) है या नहीं। एएनपीआर कैमरा वाहनों की नंबर प्लेट की पहचान कर उनके पंजीकरण नंबर का ऑनलाइन पीयूसी रिकॉर्ड से मिलान करेगा। इससे वाहन के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र की वैधता की जांच करना आसान होगा और नियमों की पालना प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सकेगी। यदि वाहन चालक वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे पेट्रोल, डीजल अथवा सीएनजी देने से इनकार किया जाएगा। साथ ही आधिकारिक रिकॉर्ड के लिए वाहन का पंजीकरण नंबर दर्ज किया जाएगा। दिल्ली की तर्ज पर अब बिना पीयूसीसी वाले वाहनों के नंबर के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचते ही अनाउंसमेंट की जाएगी।



युवा संवाद कार्यक्रम में आरती सिंह राव ने युवाओं से किया सीधा संवाद

मानेसर के गांवों को 15 एमएलडी नहरी पानी मिलने से पेयजल समस्या में मिलेगी राहत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। 15 नवंबर- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जीएमडीए की मास्टर लाइन से 15 एमएलडी नहरी पानी की आपूर्ति को मंजूरी मिलना मानेसर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे बास कुशला, बास हरिया, धाना, कासन और खोह सहित क्षेत्र के गांवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और भूजल पर निर्भरता कम होगी। आरती सिंह राव रविवार को आईएमटी मानेसर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं और क्षेत्र के लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में उन्होंने लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करवाने का निरंतर प्रयास किया है। उन्होंने मानेसर में एसटीपी प्लांट स्थापित किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि इससे जोहड़ों में जाने वाला गंदा पानी शोधित होकर दोबारा जोहड़ों में पहुंच रहा है। इस अवसर पर विधायक बिमला चौधरी ने मानेसर क्षेत्र के गांवों में नहरी पानी की आपूर्ति को मंजूरी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस परियोजना को मंजूरी दिलाने में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लंबे समय से यह मुद्दा सरकार और संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जा रहा था। उन्होंने क्षेत्र में 200 बेड के अस्पताल की मांग भी रखी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ इस विषय पर पहले भी चर्चा हो चुकी है और वह चंडीगढ़ जाकर दोबारा इस मुद्दे को उठाएंगी। कार्यक्रम में मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत यादव, जिलाध्यक्ष अजीत यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, मास्टर बलबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दवा विक्रेताओं का कार्य केवल व्यापार नहीं, बल्कि समाजसेवा भी : आरती राव


ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। 15 नवंबर- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दवा विक्रेताओं का कार्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाजसेवा और जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। जब कोई दवा विक्रेता किसी जरूरतमंद को सही दवा उपलब्ध करवाता है, तो वह किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के साथ एक परिवार की खुशियां सुरक्षित रखने में भी योगदान देता है। इसलिए दवा विक्रेताओं को अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव रविवार को गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय औषधि सुरक्षा एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। 'सुरक्षित दवाएं, नशामुक्त समाज' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन गुरुग्राम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन तथा हरियाणा ड्रग डीलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, कोसली के विधायक अनिल यादव और बावल के विधायक कृष्ण कुमार ने भी शिरकत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं हरियाणा सरकार देश और प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश की सबसे बड़ी ताकत युवा हैं, लेकिन नशे की लत युवाओं के भविष्य को प्रभावित करने के साथ पूरे परिवार को तोड़ देती है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दवा विक्रेताओं से अपील की कि बिना वैध चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करें और दवाओं की खरीद-बिक्री में निर्धारित नियमों का पूरी सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नकली दवाओं, फर्जी इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे के दुरुपयोग के खिलाफ व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मेडिकल दवाओं के गलत इस्तेमाल और अवैध बिक्री की रोकथाम भी जरूरी है। नकली दवाओं के कारोबार तथा दवा क्षेत्र में भ्रष्ट गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने दवा विक्रेताओं से दवाओं के वितरण में निर्धारित नियमों का पालन करने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने दवा विक्रेताओं से तीन महत्वपूर्ण संकल्प लेने का आह्वान किया। पहला, कोई भी दवा विक्रेता नियमों के विरुद्ध दवाओं की बिक्री नहीं करेगा। दूसरा, अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध जागरूकता सामग्री और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा सुरक्षित दवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक करेगा।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साढ़राणा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साढ़राणा में आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या श्रीमती वन्दना चौपड़ा ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वन्दना चौपड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और चाचा नेहरू को बच्चों से अगाध प्रेम था। उन्होंने बच्चों को अनुशासित रहकर जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता श्री महावीर प्रशाद रंगा ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान और लोकतंत्र निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान पर प्रकाश डाला और बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी। इतिहास के प्रवक्ता श्री राजेश नागर ने इतिहास के पन्नों से चाचा नेहरू के जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, हिन्दी अध्यापक श्री सतबीर गुलिया ने बाल दिवस की महत्ता को कविताओं और सुंदर पंक्तियों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे पूरा सभागार तालियों से गूँज उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मेधावी और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

महिलाओं के सम्मान और गरिमा का ध्यान रखते हुए अभिव्यक्ति की मर्यादा बनाए रखें : उषा प्रियदर्शी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार, शालीन भाषा और जिम्मेदार अभिव्यक्ति को सामाजिक मर्यादा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए मीडिया संस्थानों, पत्रकारों, ऑनलाइन समाचार चैनलों, सोशल मीडिया संचालकों और आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के प्रति अभद्र, अपमानजनक अथवा अमर्यादित भाषा का प्रयोग न केवल उसकी व्यक्तिगत गरिमा को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, लेकिन इसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी और दूसरों के सम्मान का ध्यान रखना भी आवश्यक है। समाचारों, चर्चाओं, सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक टिप्पणियों में किसी महिला के चरित्र, व्यक्तिगत जीवन अथवा निजी परिस्थितियों को लेकर अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिए। विशेष रूप से संवेदनशील मामलों में संबंधित महिला की पहचान, निजता और सम्मान की रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ होने के साथ-साथ समाज की सोच और व्यवहार को दिशा देने की क्षमता भी रखता है। इसलिए समाचारों की हेडलाइन, कैप्शन, थंबनेल, तस्वीरों और वीडियो के प्रस्तुतीकरण में भी भाषा की शालीनता तथा संबंधित व्यक्ति की गरिमा का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। किसी भी घटना या विवाद को सनसनीखेज बनाने के उद्देश्य से ऐसी सामग्री प्रस्तुत नहीं की जानी चाहिए, जिससे किसी महिला की प्रतिष्ठा अथवा सामाजिक सम्मान को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान की बात किसी वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, सभ्य और समानतापूर्ण समाज के निर्माण से जुड़ी है। महिला और पुरुष दोनों ही समाज के अभिन्न अंग हैं तथा परस्पर सम्मान, विश्वास और सहयोग से ही स्वस्थ सामाजिक वातावरण का निर्माण संभव है। इसलिए किसी भी व्यक्ति के प्रति अपमानजनक टिप्पणी, व्यक्तिगत आरोप या अमर्यादित भाषा से बचना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी पोस्ट, टिप्पणी, तस्वीर या वीडियो को साझा अथवा प्रसारित करने से पहले उसकी भाषा, तथ्यात्मकता और सामाजिक प्रभाव पर विचार अवश्य करें।

इंटक का प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न, लगातार चौथी बार प्रदेश अध्यक्ष बने अमित यादव

इंटक संगठन मजबूती से श्रमिकों के हितों की लड़ाई लड़ रहा :- संजय दत्त

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज





गुरुग्राम। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक), हरियाणा प्रदेश का राज्य सतरीय सम्मेलन जींद के जाट धर्मशाला खुले मैदान में आयोजित किया गया ।इस सम्मेलन में विशेष अतिथि के तौर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्री संजय दत्त,हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री श्री राव नरेंद्र ,सांसद दीपेंद्र हुड्डा,सांसद सतपाल भ्रमचारी जी ने शिरकत की ।इस मौक़े पर हजारों डेलीगेट और इंटक से जुड़े प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रमिक संगठनों, यूनियनों, सरकारी कर्मचारियों तथा असंगठित मजदूरों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । इंटक का चुनाव राजस्थान के पूर्व मंत्री व इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश श्रीमाली की देखरेख में शांति पूर्वक तरीके से संपन्न हुआ और अमित यादव लगातार चौथी बार हरियाणा इंटक के अध्यक्ष चुने गए । इस बड़ी जीत पर संजय दत्त,राव नरेंद्र,दीपेंद्र हुड्डा ने अमित यादव जी को बधाई दी । हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त जी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र जी ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा, लंबित मांगों के समाधान और संगठन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। और कहा की इंटक देश के रीढ़ की हड्डी है ।किसान ,मजदूर,कर्मचारी के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस आवाज बनकर सड़क से संसद तक उठाएगी ।प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र जी ने कहा की में जहाँ भी जा रहा हूँ इंटक हर जिले में मजबूती से काम कर रही है और जो मजदूर विरोधी काले क़ानूनों के ख़िलाफ़ इंटक लड़ाई लड़ रही है । जब कांग्रेस सरकार सत्ता में आएगी तो सारे मज़दूर विरोधी लेबर कोड को ख़त्म किया जाएगा ।सांसद दीपेंद्र हुड्डा,और सांसद सतपाल भ्रम चारी ने बोलते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में इस बड़ती हुई महंगाई में मजदूर किसान की कमर तोड़ दी ।गैस सिलेंडर ,और रसोई का सामान महंगा हो गया है ।प्रदेश के यूआओं को रोजगार नहीं मिल रहा एचकेआरएन यूआओ के साथ धोखा है। हरियाणा इंटक के अध्यक्ष अमित यादव ने कि श्रमिकों का पंजीकरण दोबारा से पहले की तरह सरल बनाया जाए व लगभग 6 लाख श्रमिकों का पंजीकरण रद्द किया गया है उसको वापस बहाल किया जाए,मजदूर विरोधी काले क़ानून वापस लिए जाए ।न्यूनतम मजदूरी तीशहज़ार रुपए की जाए ।अमित यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई, निजीकरण एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी । प्रवक्ता नसीब जाखड़ और धर्मवीर लोहान ने सरकार से माँग करते हुए कहा कि मजदूर विरोधी लेबर कोड्स को रद्द किया जाए, न्यूनतम वेतन 30000 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया जाए, ठेका प्रथा एवं निजीकरण पर रोक लगे तथा हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णयों को लागू किया जाए। साथ ही अस्थायी व कच्चे कर्मचारियों तथा स्कीम वर्कर्स को स्थायी करने, खाली पदों पर नियमित भर्ती, निर्माण मजदूरों के लिए पोर्टल शुरू कर सुविधाएं देने और मनरेगा को बहाल कर 200 दिन रोजगार व 800 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। इसके अतिरिक्त न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपये प्रतिमाह, बिजली बिल - 2025 को रद्द करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा असंगठित क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट, वाहन चालकों और रेहड़ी-पटरी मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करने की मांग भी उठाई गई। बैठक में बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के फैसले को वापस लेने, एलआईसी के शेयरों के विनिवेश पर रोक लगाने, सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी एवं खरीद सुनिश्चित करने, किसान-मजदूरों के कर्ज माफ करने तथा बीज विधेयक-2025 को रद्द करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। इस अवसर पर हरियाणा इंटक के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा की कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए श्रमिक पोर्टल, जो वर्तमान में बंद है, उसे ततकाल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए ताकि मजदूरों को लाभ मिल सके और दर-दर की ठोकर न खानी पड़े ।IHKRN को बंद कर स्थाई नौकरी के अवसर दिए जाए और cet की परीक्षा हर साल करवाई जाए । इस अवसर पर कांग्रेस के जींद जिला अध्यक्ष ऋषिपाल ,प्रवक्ता नसीब जाखड़, जींद इंटक जिला अध्यक्ष बलवान शर्मा रघुबीर भारद्वाज,वजीर पानू ,इंटक के प्रदेश महासचिव धर्मबीर लोहान ,महासचिव कृष्ण नैन,हिसार जिला अध्यक्ष जोरा सिंह भुक्कल ,रामावतार खोरड़ा,एटक के महासचिव अनिल पवार ,सुरेश गोड़,राजकुमार त्यागी, सुनील बुआना, वीरेंद्र सिंग्रोहा ,एस.एन.दहिया,दिनेश हुड्डा सहित अनेक गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

हरियाणवी पखवाडा का आनलाइन ओडियो कविसम्मेलन से हुआ समापन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणवी पखवाडा 01 से 14 नवम्बर 2026 तक हरियाणा में कई साहित्यिक एवं सास्कृतिक संस्थाओं द्वारा विभिन कार्यक्रमों के माध्यम से हरियाणा में कई जगह और कई तरिकों से मनाया गया। इसी का अनुशरण करते हुए अशोक कुमार जाखड़ रिटायर्ड सी आई एस एफ द्वारा निस्वार्थी हरियाणवी पखवाडा समूह ढाणा झज्जर हरियाया का वाटस अप समूह बनाया गया। जिसके मुख्य प्रेरणा स्त्रोत एवं मुख्य मार्ग दर्शक डॉ धर्मदेव विद्यार्थी निदेशक हरियाणा साहित्य एवं सांस्कृतिक अकादमी पंचकूला रहे। हरियाणवी मां बोली को भाषा का दर्जा दिलाने के उदेश्य से अनुशासन और संविधान की मर्यादा रखते हुए 01 नवम्बर से 10 नवम्बर 2026 तक कवियों की दो दो लिखित कविता "हरियाणवी भाषा सै बोली कोन्या साझा आन लाइन ओडियो कवि सम्मेलन के सफल आयोजन के साथ इसका समापन किया गया । आन लाइन कवि सम्मेलन मे हरियाणि के उन्नीस कवि क व यि त्री यों एक से बढकर एक उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। जिनके नाम इस प्रकार हैं मुख्य मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत रहे डॉ धर्मदेव विद्यार्थी जी निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृतिक अकादमी पंचकूला चंदीगढ हरियाणा। बलबीर सिंह ढाका रोहतक, सुशीला जांगड़ा जींद, कवि नरेश शर्मा हिसार, कदम सिंह राठी जींद, सुशीला शेखावत फरीदाबाद, मास्टर पूर्ण सिंह चौहान झज्जर, तेजबीर शर्मा सफीदो जींद, नवीन कुमार हांसी,पूनम शर्मा जींद,डॉ गौरी अरोड़ा झज्जर, मास्टर राजेश भेंट जींद,मास्टर जोरा सिंह समैण, सुशीला यादव गुरुग्राम, डॉ सतीश कुमार हांसी, वेदप्रकाश खोला लिसान रेवाड़ी, डॉक्टर चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि रोहतक, सुरेश कुमार सुलोदिया भिवानी और अशोक कुमार जाखड़ निस्वार्थी झज्जर ने इसमें प्रतिभाग किया। कवि कवयित्रीयों की एक से बढकर एख प्रस्तुति ने आयोजन गगन ऊंचाईया हासिल करवाने से यह आयोजन को सफलता का अदभुद मुकाम प्राप्त किया। डॉ धर्मदेव विद्यार्थी जी ने सबको शुभकामनायें दी एवं समूह संस्थापक अशोक कुमार जाखड़ ने सभी को इस आयोजन मैं प्रतिभाग करने पर अपने समूह की और से आभार व्यक्त किया।

नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले वाहन चालकों पर गुरुग्राम यातायात पुलिस की सख्ती; 6 दोपहिया वाहनों को किया इम्पाउंड

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा बिना नंबर प्लेट या नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमित रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर वाहन की पहचान छिपाने वाले 06 दोपहिया वाहनों को इम्पाउंड किया गया। जोनल अधिकारी रेलवे स्टेशन टी-पॉइंट ASI राजबीर एवं उनकी टीम द्वारा नंबर प्लेट पर टेप लगाकर पहचान छिपाने वाली एक स्कूटी को इम्पाउंड किया गया। वहीं, जोनल अधिकारी वजीराबाद चौक ASI युधवीर एवं उनकी टीम द्वारा 05 दोपहिया वाहन (स्कूटी एवं मोटरसाइकिल) इम्पाउंड किए गए। कार्रवाई के दौरान वाहनों की नंबर प्लेट पर अलग-अलग तरीके से छेड़छाड़ पाई गई। किसी ने नंबर प्लेट पर टेप लगाया हुआ था, किसी ने काला रंग किया हुआ था, तथा कुछ पर टेम्पर्ड नंबर प्लेट लगी हुई थी।गुरुग्राम यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) लगाएं तथा नंबर प्लेट को छिपाने, बदलने या उसके साथ छेड़छाड़ करने से बचें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

युवा क्लब कोसली ने गौ रक्षा दल ब्लॉक नाहड़ को किया सम्मानित, बीमार गोवंश की सेवा के लिए दिए 21 हजार रुपये

7वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गौ रक्षा दल की टीम को बनाया मुख्य अतिथि, खेलों को बढ़ावा देने का दिया संदेश

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



कोसली। राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली में रविवार को युवा क्लब कोसली की ओर से सातवीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा स्टेडियम खेल भावना, उत्साह और देशभक्ति के माहौल से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मठाधीश महंत श्री शिवपुरी जी महाराज, ग्राम सरपंच श्री रामकिशन तथा गौ रक्षा दल ब्लॉक नाहड़ (रेवाड़ी) की टीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर गौ रक्षा दल ब्लॉक नाहड़ की टीम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और विशेष मान-सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा क्लब कोसली की ओर से ज्ञानेंद्र गुरु जी ने बीमार गोवंश एवं बेजुबान पशुओं की सेवा के लिए गौ रक्षा दल ब्लॉक नाहड़ की टीम को 21,000 रुपये की दान राशि भेंट की। इस सहयोग के लिए गौ रक्षा दल की टीम ने ज्ञानेंद्र गुरु जी और युवा क्लब कोसली के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। गौ रक्षा दल ब्लॉक नाहड़ के ब्लॉक प्रधान मोहित यादव ने अपनी समस्त टीम की ओर से युवा क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों, सभी कोच साहब और ग्रामवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि टीम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर जो प्यार, सम्मान और अपनापन दिया गया है, उसके लिए पूरी टीम सदैव आभारी रहेगी। इस प्रकार का सम्मान सामाजिक कार्यों और गौ सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। मोहित यादव ने कहा कि गांवों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना बेहद जरूरी है। खेलों के माध्यम से ग्रामीण स्तर से ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार होते हैं, जो आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं और भाई-बहनों से अपील की कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि देश को अधिक से अधिक पदक मिल सकें और पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़े। अंत में युवा क्लब कोसली की ओर से सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और ग्रामवासियों का धन्यवाद किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाने का संकल्प लिया गया।

बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलीं सान्वी ठाकरान

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



गुरुग्राम। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्कूलों के चयनित विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करने का अवसर मिला। इस विशेष अवसर पर गुरुग्राम स्थित एस.डी. आदर्श विद्यालय की कक्षा आठवीं की होनहार छात्रा सान्वी ठाकरान ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। सान्वी मूल रूप से हसलापुर गांव की रहने वाली हैं। राष्ट्रपति भवन में देश की प्रथम नागरिक से मिलने का अवसर प्राप्त करना उनके और उनके परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। सान्वी ठाकरान पुत्री मनोज ठाकरान एवं पौत्री सतबीर सिंह ठाकरान विद्यालय की मेधावी एवं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में शामिल रही हैं। पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ अनुशासन, अच्छे व्यवहार, नियमितता और विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी उनकी विशेष पहचान रही है। उनके शैक्षणिक प्रदर्शन एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व को देखते हुए उन्हें इस विशेष कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि शिक्षा के साथ अनुशासन और अच्छे संस्कार भी विद्यार्थियों को विशेष पहचान दिलाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पणा जोशी एवं विद्यालय अध्यक्ष श्रीमती आशा शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों को इस विशेष कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला। सान्वी के साथ विद्यालय के तीन अन्य विद्यार्थी हेमन्या, अक्षत और मयंक भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और इस यादगार अनुभव का हिस्सा बने। इस उपलब्धि के साथ सान्वी के परिवार का सामाजिक क्षेत्र से जुड़ा एक और गौरवपूर्ण अध्याय भी जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि पटौदी निवासी उनके चाचा योगेश चौधरी को भी पिछले वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। योगेश चौधरी दक्षिण हरियाणा के सबसे युवा राष्ट्रपति अवार्डी हैं तथा देश में युवाओं के बीच एक यूथ आइकॉन के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। गौरतलब है कि जहां एक ओर योगेश चौधरी ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई, वहीं अब सान्वी ठाकरान को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति से मुलाकात का गौरव प्राप्त हुआ है।

एक ही परिवार के सदस्यों का राष्ट्रपति भवन से इस प्रकार जुड़ना हसलपुर गांव और पटौदी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सान्वी की यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है कि निरंतर मेहनत, शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और अच्छे व्यवहार के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, विद्यालय और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

दांतों की अनदेखी पड़ सकती है भारी, नियमित सफाई और जांच से ही बचेगी मुस्कान : डॉ. अंशुल सैनी

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



फर्रूखनगर। दांत हमारे शरीर का सबसे मजबूत हिस्सा होते हैं, लेकिन इनकी जरा सी लापरवाही असहनीय पीड़ा का कारण बन सकती है। श्री कृष्णा डेंटल क्लिनिक दंत प्रसिद्घ चिकित्सक डॉ. अंशुल सैनी ने दांतों की देखभाल और उनसे जुड़ी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें साझा की हैं डॉ. सैनी का कहना है कि "दांत हमसे कुछ नहीं मांगते, वे तो केवल हमारे द्वारा की गई नियमित सफाई से ही मजबूत और चमकदार बने रहते हैं।" उन्होंने बताया कि दांतों के ऊपर की सबसे बाहरी परत को चिकित्सकीय भाषा में 'इनेमल' (Enamel) कहा जाता है, जो शरीर का सबसे कठोर भाग होता है।

क्यों होती है दांतों में सड़न और दर्द?

डॉ. अंशुल सैनी के अनुसार, जब दांतों की समय पर सफाई नहीं होती है, तो उनके बीच भोजन के बारीक अंश फंस जाते हैं। धीरे-धीरे ये अंश दांतों को गलाने लगते हैं, जिससे दांत काले पड़ जाते हैं और उनमें सड़न शुरू हो जाती है। यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह सड़न दांतों की नसों तक पहुंच जाती है, जो बेहद पीड़ादायक और असहनीय दर्द का कारण बनती है।

बचाव और नियमित जांच है जरूरी

दांतों के दर्द से निजात पाने के लिए डॉ. सैनी ने समय पर जांच और साफ-सफाई पर जोर दिया है। उनका सुझाव है कि किसी भी समस्या का इंतजार करने के बजाय प्रत्येक 6 से 7 महीने के अंतराल पर दंत चिकित्सक से रेगुलर जांच (नियमित चेकअप) करवाना बेहद आवश्यक है।

आधुनिक चिकित्सा से संभव है सटीक उपचार

डॉ. सैनी ने बताया कि यदि दांतों में समस्या बढ़ भी जाए, तो घबराने की जरूरत नहीं है। आज चिकित्सा विज्ञान में इसके कई प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं, जिनमें शामिल हैं:

- दांतों की नसों का उपचार (रूट कैनाल ट्रीटमेंट)
- दांतों की प्रोफेशनल साफ-सफाई
- खराब हिस्से में मसाला भरना (फिलिंग)
- दांतों को सुरक्षित रखने के लिए कैप लगाना
- आवश्यकता पड़ने पर नया दांत लगाना

अंत में डॉ. सैनी ने अपील की कि स्वस्थ और चमकदार मुस्कान के लिए अपनी दिनचर्या में दांतों की सफाई को प्राथमिकता दें।

70 गांवों की एक ही पुकार - फर्रूखनगर बने उपमंडल, खुले विकास के द्वार

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



फर्रूखनगर। फर्रूखनगर उपमंडल - अब देरी का कोई बहाना नहीं चलेगा, यह किसानों का हक है फर्रूखनगर को उपमंडल बनाना अब केवल मांग नहीं, यह 70 से ज्यादा गांवों, लाखों किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और आम जनता के हक की लड़ाई है। आज फर्रूखनगर का किसान एक फर्द, एक इंतकाल, एक मुआवजे के कागज के लिए 25 से 30 किलोमीटर दूर गुरुग्राम या पटौदी जाता है। सुबह घर से निकलता है, शाम को खाली हाथ लौटता है। अधिकारी नहीं मिलता, फाइल नहीं मिलती, तारीख पर तारीख मिलती है। फसल खेत में खड़ी रहती है और किसान दफ्तरों के चक्कर में बर्बाद होता है। यह व्यवस्था अब और नहीं चलेगी। भारतीय किसान संघ, गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष महेश यादव ने सरकार से साफ कहा है कि फर्रूखनगर को उपमंडल घोषित करने में अब एक दिन की भी देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

फर्रूखनगर उपमंडल क्यों जरूरी है - ठोस कारण

1. किसान का समय और पैसा बचेगा: एसडीएम कार्यालय, तहसील, कृषि, राजस्व, सिंचाई, बिजली विभाग फर्रूखनगर में ही होगा। गिरदावरी, फसल खराबा, मुआवजा, जमाबंदी, रजिस्ट्री, इंतकाल का काम गांव के पास होगा। किसान को 500 रुपये किराया और पूरा दिन बर्बाद नहीं करना पड़ेगा।

2. 70 से अधिक गांवों के लोगो को सीधा लाभ: फर्रूखनगर, सुल्तानपुर, खेड़ा, मोकलवास, झज्जर रोड, पटौदी रोड बेल्ट के सभी गांवों को गुरुग्राम व पटौदी जाने से मुक्ति मिलेगी। बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग और गरीब आदमी को अपने ही कस्बे में काम होगा।

3. विकास का पैसा सीधा फर्रूखनगर आएगा: उपमंडल बनते ही अलग बजट, अलग स्टाफ, अलग कार्यालय, सड़क, अस्पताल, बस स्टैंड, अनाज मंडी, सब्जी मंडी और औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग फंड मिलेगा। अभी फर्रूखनगर का पैसा गुरुग्राम में ही अटक जाता है।

4. कानून-व्यवस्था और जमीन विवाद पर लगाम: एसडीएम, डीएसपी स्तर के अधिकारी पास में बैठेंगे तो अवैध कब्जा, रास्ता विवाद, जमीन का झगड़ा, नहरी पानी का विवाद उसी हफ्ते सुलझेगा। सालों तक चलने वाले केस कम होंगे।

5. युवाओं और व्यापार को रोजगार: उपमंडल बनने से कोर्ट, तहसील, बैंकों, दफ्तरों में नौकरी, वकील, दस्तावेज लेखक, व्यापारियों के लिए नया बाजार खुलेगा। फर्रूखनगर फिर से पुरानी मंडी की तरह चमकेगा।

हमारी 5 ठोस मांगें - सरकार, राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ध्यान दें

1. फर्रूखनगर को तुरंत उपमंडल घोषित कर अधिसूचना जारी की जाए।
2. एसडीएम कार्यालय, तहसील भवन और सभी विभागों के लिए जमीन और स्टाफ तुरंत स्वीकृत किया जाए।
3. फर्रूखनगर अनाज मंडी, सड़क, अस्पताल और बस सेवा को उपमंडल स्तर पर अपग्रेड किया जाए।
4. किसानों के मुआवजा, फसल बीमा और जमीन के लंबित केसों का निपटारा फर्रूखनगर में ही हो।
5. उपमंडल बनने तक फर्रूखनगर में सप्ताह में 3 दिन एसडीएम का कैंप कार्यालय लगाया जाए।

गाँव मुकलवास में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



फर्रुखनगर। आज गाँव मुकलवास, ब्लॉक फर्रुखनगर, जिला गुरुग्राम में बैंकर्स क्लब इंडिया फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली, बचत, बीमा और डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता *बैंकर्स क्लब इंडिया फाउंडेशन के प्रोग्राम हेड मो० रजा उर रहमान* ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय साक्षरता का मतलब सिर्फ बैंक अकाउंट, बचत या लोन की जानकारी होना नहीं है, असली वित्तीय साक्षरता तब है जब सही जानकारी के साथ हम सही समय पर सही फैसला भी ले । और जब एक महिला अपने पैसों के बारे में बहतर फैसला लेना सीखती हैं तो इसका असर सिर्फ उस महिला तक नहीं रहता - उसके परिवार, उसके बच्चों और पूरे समुदाय तक पहुंचता है। आज के समय में हर व्यक्ति को वित्तीय रूप से साक्षर होना बहुत जरूरी है। जब तक गाँव की महिला बचत करना नहीं सीखेगी, डिजिटल पेमेंट नहीं समझेगी, तब तक आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं होगा। हमारा लक्ष्य है कि हर घर तक बैंकिंग की सुविधा और वित्तीय ज्ञान पहुंचे।" कार्यक्रम के समन्वयक *जाहिद खान* ने सरकारी योजनाओं जैसे जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे छोटी-छोटी बचत से बड़ा भविष्य बनाया जा सकता है और कैसे फ्रॉड से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में डिजिटल बैंकिंग, UPI, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और साइबर सुरक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को OTP, पिन या आधार नंबर नहीं देना चाहिए।

इस तरह के कार्यक्रमों से गाँव में जागरूकता बढ़ती है और लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। कार्यक्रम में *पंचायत सदस्य ज्योति, रामरती, गीता और मीनू* सहित दर्जनों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मिठाईवाला लिखी थैली में स्मैक छिपाकर घूम रहा था युवक,

पुलिस ने 15.65 ग्राम हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार, गांव नहेदा में फरीदाबाद यूनिट की कार्रवाई; थाना बिछौर में एफआईआर दर्ज

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। नूंह जिले में नशा तस्कर पुलिस से बचने के लिए नशीले पदार्थों को छिपाने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नूंह जिले के गांव नहेदा में सामने आया, जहां एक युवक पीली प्लास्टिक की थैली में लोहे की डिब्बी रखकर उसमें हेरोइन छिपाए हुए था। थैली पर अंग्रेजी में 'मिठाईवाला' लिखा हुआ था। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की फरीदाबाद यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15.65 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई।

घर के बाहर थैली लेकर खड़ा था आरोपी, मुखबिर ने दी सूचना

एचएसएनसीबी फरीदाबाद यूनिट के इंचार्ज इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने कहा की उनकी टीम एएसआई महेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव नहेदा बस अड्डे के पास नशा विरोधी गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव नहेदा निवासी सौराब पुत्र उमरदीन हेरोइन बेचने का काम करता है और इस समय अपने घर के बाहर खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत आरोपी के घर की ओर रवाना हुई। मकान के पास पहुंचने पर मुखबिर के बताए हुलिये अनुसार एक युवक खड़ा दिखाई दिया। जिसकी पहचान सौराब के रूप में की। पुलिस टीम ने तुरंत उसे काबू कर लिया।

लोहे की डिब्बी खोलते ही मिला नशीला पदार्थ

तलाशी के दौरान आरोपी के हाथ में पकड़ी पीली प्लास्टिक थैली बरामद हुई, जिस पर अंग्रेजी में 'मिठाईवाला' लिखा था। पुलिस ने थैली खोलकर जांच की तो उसके अंदर लोहे की एक डिब्बी मिली। डिब्बी के भीतर छोटे प्लास्टिक पाउच में नशीला पदार्थ छिपाकर रखा गया था। आरोपी ने भी पूछताछ में इसे हेरोइन (स्मैक) बताया। डिजिटल कांटे से वजन करने पर पन्नी सहित कुल 15.65 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। यह मात्रा एनडीपीएस एक्ट के तहत इंटरमीडिएट क्वांटिटी की श्रेणी में आती है। पुलिस ने नशीले पदार्थ को नियमानुसार सील कर कब्जे में ले लिया।

बिछौर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सौराब पुत्र उमरदीन, निवासी गांव नहेदा, थाना बिछौर, जिला नूंह के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना बिछौर में एफआईआर नंबर 193, दिनांक 14 नवंबर 2026, धारा 21(बी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में प्रारंभिक कार्रवाई एचएसएनसीबी फरीदाबाद यूनिट द्वारा की गई। इसके बाद आगे की जांच थाना बिछौर को सौंपी गई है।

हेरोइन कहां से लाता था आरोपी, पुलिस कर रही जांच

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह हेरोइन कहां से खरीदकर लाता था और गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में किन लोगों को इसकी आपूर्ति करता था। जांच का उद्देश्य नशीले पदार्थ की सप्लाई के स्रोत और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचना है।

नशे की सूचना देने की अपील

इन्स्पेक्टर संग्राम सिंह ने आमजन से अपील की है कि अपने आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना एचएसएनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 या मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन 1933 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

पुलिस और गौ-तस्करों के बीच मुठभेड़, दो तस्करों की मौत, एक घायल

बीवा गांव में आधी रात को गूंजी गोलियां, नाकाबंदी तोड़ने के प्रयास में पुलिस पर की फायरिंग; जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों को लगी गोली

ओपन सर्च/आस मोहम्मद





नूंह। नूंह जिले में गौ-तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि फिरोजपुर झिरका पुलिस और गौ-तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। फिरोजपुर झिरका सदर थाना क्षेत्र के गांव बीवा में हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान तीन गौ-तस्करों को गोली लगी। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से सात गोवंश को मुक्त कराने के साथ एक पिकअप गाड़ी और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, अपराध जांच शाखा फिरोजपुर झिरका पुलिस को क्षेत्र में गौ-तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोकने के लिए नाकाबंदी की। इसी दौरान पिकअप सवार गौ-तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसमें पुलिस के जवान भी घायल हो गया है। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीन आरोपियों को गोली लग गई। मृतकों की पहचान शेर सिंह उर्फ गब्बर उर्फ हड़िया निवासी दौसा, राजस्थान और साबिर पुत्र शेर मोहम्मद निवासी फौनंदा का बास, बीमा के रूप में हुई है। वहीं, घायल आरोपी ताहिर पुत्र अहमद निवासी घाटमीका, जिला डीग को उपचार के लिए नूंह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से सात गोवंश को मुक्त कराने के अलावा एक पिकअप गाड़ी, तीन देसी कट्टे, तीन कारतूस और पांच खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने मृतकों के शव को मोर्चरी हाउस में रखवा गया है। मृतक के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। थाना प्रबंधक सदर चंद्रभान भारद्वाज का कहना है कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर एक टीम गठित की गई है । पुलिस के अनुसार मृतकों पर और भी कई मामले दर्ज है जिनकी जांच की जा रही है। भारी संख्या में थाना फिरोजपुर झिरका में रहा पुलिस बल तैनात:- गो तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ में हुई मौत के बाद फिरोजपुर झिरका थाना परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया लगभग चार पुलिस की बस के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को जिला पुलिस कप्तान डॉक्टर अर्पित जैन के दिशा निर्देश पर तैनात कर दिया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके।

19-20 नवंबर को सालाहेड़ी में आयोजित होगा जिला युवा महोत्सव

16 नवंबर तक होगा पंजीकरण, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा ले सकेंगे भाग

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। उपायुक्त अखिल पिलानी के निर्देशानुसार जिला युवा महोत्सव-2026 का आयोजन आगामी 19 व 20 नवंबर को शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय, सालाहेड़ी, नूंह में किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है। राजकीय आईटीआई नूंह के प्रधानाचार्य अनिल दलाल ने बताया कि महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इनमें समूह लोक संगीत, समूह लोक नृत्य, चित्रकला, वाद्य यंत्र वादन, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। समूह प्रतियोगिताओं में एक दल में अधिकतम 10 सदस्य भाग ले सकेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह, अद्वितीय है उत्तराखंड की संस्कृति व सभ्यता : कल्याण

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि उत्तराखंड की संस्कृति-सभ्यता और खानपान अद्वितीय है। वहां के दौरे से जो खुशी और सुकून मिलता है, उसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। श्री कल्याण आज यहां कालीदास रंगशाला में यहां की उत्तराखंड सभा की ओर से आयोजित उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने उत्तराखंड वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी। श्री कल्याण ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों ने मेहनत व सोच से सम्मान अर्जित किया है। समाज में आपका अलग स्थान है। उन्होंने उत्तराखंड वासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बचपन की जो विस्मृतियां उनके मन में बसी हैं वे उत्तराखंड राज्य की हैं। बात देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी, बाबा केदार, बद्रीनाथ की हो अथवा वहां की खूबसूरत वादियों की, बचपन में जब वहां जाते थे तो स्वर्ग का अहसास होता था। आज भी जो खुशी और सुकून उत्तराखंड जाकर मिलता है, उसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों को जो चरित्र होना चाहिए वह उत्तराखंड में देखने को मिलता है। हरियाणा में आकर मेहनत के बल पर अच्छे वातावरण के निर्माण में उत्तराखंड के लोगों का सराहनीय योगदान रहा है। श्री कल्याण ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से यह सीख मिलती है कि संस्कृति से जुडक़र तथा पूर्वजों के दिखाए मार्ग पर चलकर उन परंपराओं को जीवित रखने के लिए युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तरक्की के साथ-साथ देश को कई तरह की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। आज प्रौद्योगिकी व एआई के युग में सूचनाओं का संप्रेषण तेजी से हो रहा है। कई बार नौजवान तथ्यों को बिना परखे नैरेटिव सेट कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना की असलियत, उसके फायदे व नुकसान के बारे में पता होना चाहिए। आंख बंद कर किसी सूचना को सच मान लेना उचित नहीं। गलत नैरेटिव सेट करना जीवन में दिशा भटकने के समान है। पर्यावरण की भी एक बड़ी चुनौती है। पर्यावरण से छेड़छाड़ के कारण भूस्खलन, फ्लैश फ्लड जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ी हैं। परिवार से ज्यादा पेड़-पौधों के प्रति प्यार युवा पीढ़ी का स्वभाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशाखोरी से बचाना है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा का गौरव बढ़ाने में उत्तराखंड के लोगों का भी योगदान रहा है। उन्होंने उत्तराखंड वासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। हरको बैंक चेयरमैन ने उत्तराखंड के लोगों से एक दिसंबर से 4 जनवरी तक की जाने वाली जनगणना में अवश्य भाग लेने और 20247 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए सहयोग की अपील की। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, हरको बैंक के चेयरमैन भारत भूषण जुयाल ने विचार रखे। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर, प्रवासी परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट, मेघा भंडारी आदि मौजूद रहे। सभा की ओर से श्री कल्याण को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

सर्वसम्मति से नरेश शर्मा बस्सी को बनाया भगवान श्री परशुराम शिव ब्राह्मण सभा का प्रधान

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। भगवान श्री परशुराम शिव ब्राह्मण सभा की करनाल के पिंगली चौक पर हुई बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी नरेश शर्मा बस्सी को आगामी दो वर्षों के लिए सभा का प्रधान नियुक्त किया। उनके नाम पर सर्वसम्मति बनने के बाद उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। बैठक के दौरान सबसे पहले निवर्तमान प्रधान प्रमोद शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। इस अवसर पर सभा के सदस्यों ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। सभा के संरक्षक सोमदत्त पिचौलिया एवं संरक्षक रमेश कौशल ने प्रधान पद के लिए नरेश शर्मा बस्सी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति से पारित कर दिया। नवनियुक्त प्रधान नरेश शर्मा बस्सी ने सभी गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभा ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को साथ लेकर सभा की गतिविधियों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर सोमदत्त पिचौलिया, निवर्तमान प्रधान प्रमोद शर्मा, रमेश कौशल, विजय शर्मा, नरेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा सरपंच पिंगली, महेश शर्मा, सतीश शर्मा, सुरेश शर्मा, हरिचरण शर्मा, नाथी राम चंदलाना एवं बीरा राम सहित सभा के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभा के प्रत्येक सदस्य को अपने परिवार का हिस्सा बताते हुए उन्होंने सभी को पूरा मान-सम्मान देने और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का विश्वास दिलाया। गौरतलब है कि नरेश शर्मा बस्सी समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में उनका बढ़-चढ़कर योगदान रहता है। अब सभा के प्रधान के रूप में उनसे सामाजिक एकजुटता को नई मजबूती देने के साथ-साथ शिक्षा जगत को प्रोत्साहित करने और समाजहित के कार्यों को नई दिशा देने की अपेक्षा जताई जा रही है।

अंग प्रत्यारोपण के बाद भी नहीं मानी हार, डॉ. सरिता ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। राजकीय विद्यालय धामन की प्राचार्या की सफलता की कहानी.....कहते हैं कि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं होती। इस कहावत को प्राचार्या डॉ. सरिता ने अपनी असाधारण उपलब्धि से सच साबित कर दिखाया है। अंग प्रत्यारोपण के बाद जीवन की नई शुरुआत करने वाली डॉ. सरिता ने अपनी मेहनत, लगन और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंग प्रत्यारोपण खेल प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल द्वारा 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 को तालकटोरा स्टेडियम में नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट गेम्स का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंग प्रत्यारोपण करवा चुके प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। डॉ सरिता ने महिला वर्ग में 100मीटर रेस, 500मीटर रेस,500 मीटर वॉकिंग में, लेमन स्पून रेस, तथा रस्साकशी में पहले स्थान प्राप्त करके 5गोल्ड मेडलों के साथ ग्रुप कैप्टन भी चुना गया। प्राचार्या डॉ. सरिता ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उनकी यह सफलता केवल खेलों में जीत नहीं, बल्कि जीवन के प्रति सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे की जीत है। डॉ. सरिता की उपलब्धि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि अंग प्रत्यारोपण के बाद भी व्यक्ति सामान्य जीवन जीने के साथ खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

समाज सेवा के लिए संवेदनशील होना जरूरी हैं: डा.. कृष्ण मिड्ढा

निफा द्वारा आयोजित कर्ण महोत्सव के दूसरे दिन संवेदना 2 में प्रतिभागी संस्थाओं को सम्मानित किया डिप्टी स्पीकर ने

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा.. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जिन लोगों में संवेदनाएं होती है वही समाज के हित में काम कर सकता हैं। अर्थात समाज सेवा के लिए संवेदनशील होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि रक्त देना हर किसी के बस की बात नहीं हैं। रक्त किसी संस्थान में नहीं बनता हैं। वल्कि हमारी धमनियों में बहता हैं। उन्होंने कहा कि देश में इस समय रक्तदान करने वालों की जरूरत हैं। रक्तदानियों की बजह से ही हादसों में प्रभावित लोगां का जीवन बच रहा हैं। वह निफा द्वारा आयोजित कर्ण महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित संवेदना 2 में प्रतिभागी संस्थाओं को सम्मानित कर रहे थे। इस अइवसर पर सिरसा की मनीराम केहरवाला चैरिटेवल ट्रस्ट को रक्तदान लिए सम्मानित किया गया। सम्मान संस्था के सदस्य यशपाल केहरवाला तथा उनके सहयोगियों सहित हरियाणा के सभी जिलों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मेहर सिंह निर्मल को सम्मानित किया। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश से आए कलाकारों ने लोकतंत्र प्रस्तुत किया। महोत्सव के दौरान अलग अलग प्रदेशों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रेडक्रोस सोसायटी के सचिव कुलवीर मलिक केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा एडवोकेट निफा के नरेश बराना मौजूद थे। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने निफा के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर निफा को लेकर जानकारी देते हुए निफा के संसथापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि निफा की स्थापना सान 2000 में करनाल में की थी। आज 26 सालों में निफा की तीस राज्यों में यूनिट हैं। अब तक छह हजार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर चुकी हैं। अब तक निफा छह विश्व रिकोर्ड बना चुकी हैं। उन्होंने बताया कि नैशनल यूथ एवार्ड लेने वाली यह उत्तर भारत की पहली संस्था हैं। उन्होंने बताया कि निफा ने कोविड के दौरान संवेदना वन के तहत एक दिन में 1700 शिविर लगाए थे। इस अवसर पर करनाल के रेडक्रोस के सचिव कुलवीर मलिक ने बताया कि हरियाणा रेडक्रास को रक्तदान के क्षेत्र में नंवर वन पिछले कई बार से रह रही हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में सिवल अस्पताल और कल्पना चावला मैडीकल कालेज में जरूरतमंदों को सहजता से रक्त मिल जाता हैं। मंगल सैन एडीटोरियम परिसर में करनाल के गौरव शाली इतिहास से रूवरू करवाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई हैं। जिसमें 56 चित्रों के माध्यम से करनाल के अतीत से लोगों को रूबरू करवाने के प्रयास किया हैं। जिसमें महाराज कर्ण के जन्म से लेकर मुगल काल के विनाश तराइन के युद्ध गुरु नानक देव जी के पदार्पण भारतीय रेल के प्रथम आगमन डीसी निवास करनाल क्लब के साथ करनाल के आस पास चालीस तीर्थों के महत्व तथा पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली के जन्म सथल की कथा को दर्शाया गया हैं। करनाल में जन्म से रह रहे लोगों को जो जानकारी नहीं थी। उसको इस प्रदर्शनी में उजागर किया गा था। इस कार्यक्रम के आयोजक प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि इस आयोजन के पीछे उनका उद्देश्य करनाल के अतीत से लोगों को परिचित करवाना हैं। उन्होंने कहा कि अतीत का खंगालने में उनका सहयोग पत्रकार विजय शर्मा ने दिया। उन्होंने कहा कि यहां पर नवचेतना मंच जिला कारागर ब्रहम कुमारी आश्रम एमवीडीडी बालभव तथा जिला पुलिस ने अपने स्टाल लगाए हैं। इस मेले में देश विदेश से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। तीन दिन तक सभागार में संगीत के कार्यक्रम होंगे । बाहर खुले में करनाल के टैलेंट का उभारने के लिए मंच लगाया हैं। यहां पर कोई भी कार्यक्रम कर सकता हैं। इस अवसर पर उद्योगपति धीरज गुप्ता आकर्षण उप्पल सहित सहित बड्डी संख्या में समाजसेवी मौजूद थे।

उत्तम नगर पार्क और घरौंडा में छठ पर्व महोत्सव, पूर्वांचल वासियों की मेहनत से अन्य भी लें प्रेरणा : कल्याण

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा और करनाल के उत्तम नगर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल समाज के लोगों ने मेहनत से नाम कमाया है। दूसरों को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री कल्याण आज यहां उत्तम नगर और घरौंडा में आयोजित छठ पर्व महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने लोगों को छठ महापर्व की बधाई व शुभकामनाएं दीं। श्री कल्याण ने कहा कि आज खुशी भरा दिन है। यह समाज की खूबसूरती है कि हर त्यौहार को प्यार, सद्भाव, व मेलजोल के साथ मनाया जाता है। उन्होंने पूर्वांचल समाज के लोगों का दिल से अभिनंदन करते हुए कहा कि आपने यह साबित किया है कि परिश्रम से व्यक्ति बहुत आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी कार्य करें उसे पूरे पुरुषार्थ से करें। सफलता बिना मेहनत के संभव नहीं है। उन्होंने इस पर्व पर माता-बहनें सूर्य देव की आराधना करती हैं, पूरी आस्था के साथ इस पर्व को मनाया जाता है। साथ ही परिवार के साथ-साथ इलाके की खुशहाली की कामना करते हैं। यही भाव मन में हमेशा रहना चाहिए। उन्होंने अपील की कि समाज के नाते सभी एकजुट होकर रहें। सरकार की ओर से यहां घाट आदि की व्यवस्था की गई है। लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने की जिम्मेदारी सरकार की भी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गंभीरता से देश व प्रदेश की प्रगति के लिए काम कर रहे हैं। साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल ने भी व्यवस्था परिवर्तन कर समाज हित में अनेक कदम उठाए। आज प्रदेश में युवाओं को मेरिट पर नौकरियां मिल रही हैं। जनहित में जिस भी मांग को पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा उसे उन्होंने पूरा किया। तरक्की का लाभ तभी है जब समाज में वातावरण अच्छा हो।

सभी एक-दूसरे का सम्मान करें। ऐसा करने से ही तरक्की खुशहाली में तब्दील होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। इससे पहले मेयर रेणु बाला गुप्ता ने भी छठी मैया से लोगों के घरों में सुख-शांति के लिए कामना की और महापर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री कल्याण को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। रामप्रीत ने उत्तम नगर में घाट बनवाने के लिए श्री कल्याण की मुक्त कंठ से सराहना की। इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र न्योतना, राजेश अरोड़ा, विकास, रामआसरे आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने प्रदेश को उतार दिया पटरी से नीचे : दीपेंद्र हुड्डा

गांव बारना व आजाद नगर में चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे सांसद दीपेंद्र हुड्डा

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि आज प्रदेश को विकास की पटरी से उतार दिया है। जिस हरियाणा की पहचान देश में विकास व खुशहाली व भाईचारे में नंबर एक पर होती थी, आज उसी हरियाणा की पहचान बेरोजगारी, नशा व अपराध में हो गई है। देश में रोजगार नही मिल रहा तो युवा वर्ग विदेशों में पलायन कर रहा है। दीपेंद्र हुड्डा गांव बारना की एससी चौपाल में आयोजित वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उनके साथ थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला, मेवा सिंह, जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक सुल्तान सिंह मौजूद रहे। गांव बारना में पहुंचने पर जिला कांग्रेस महासचिव टेकचंद बारना, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील राणा व अन्य कांग्रेस जनों ने दीपेंद्र हुड्डा, अशोक अरोड़ा व अन्य का पगड़ी बांधकर स्वागत किया व टेकचंद बारना की ओर से दीपेंद्र हुड्डा को चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा का एक सामुहिक चित्र भेंट किया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे व खाटों पर बैठकर दीपेंद्र हुड्डा से रूबरू भी हुए। इसके बाद आजाद नगर में भी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजाद नगर में नगर पार्षद मनु जैन, पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, शहरी प्रधान विवेक मेहता विक्की, पूर्व पार्षद संदीप टेका ने दीपेंद्र हुड्डा को शॉल भेंट की। अपने संबोधन में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग कष्ट का जीवन काट रहे हैं और भाजपा के विधायक व पूर्व विधायक कॉलोनियां काट रहे हैं। माइनिंग कर पर्चियां काटी जा रही है व भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। उन्होने कहा कि यूं तो वोट चोरी का पूरे देश में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हर वर्ग को समझ आ चुका है भाजपा वोट चोरी कर सरकार बनाती है। वहीं हरियाणा में जब पूरे हरियाणा कह रहा था कि कांग्रेस सरकार आ रही है लेकिन वोट चोरी कर भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। मुख्यमंत्री पर पंजाब में जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री पंजाब में जाकर बडे बडे वायदे कर रहे हैं और कह रहे हैं कि पंजाब में नशा बंद कर देंगें लेकिन आज हरियाणा क्या स्थिति है किसी से छुपी हुई नही है। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास कर लोगों की रिझाने की बजाय वोट चोरी में भरोसा करती है। यदि इसी प्रकार वोट चोरी होती रही तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। डा. बीआर अंबेड़कर की देन है कि सभी को वोट का अधिकार है। लेकिन भाजपा का लोकतंत्र में भरोसा ही नही है। राहुल गांधी द्वारा शुरु की गई इस मुहिम में सभी को साथ आना चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार पिंड़ारसी, सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, किरमच सरपंच रणबीर बूरा, सरपंच जसमेर सिंह, नगर पार्षद मनु जैन, जलेश शर्मा, शहरी प्रधान विवेक मेहता विक्की, महेश शर्मा गामड़ी, ईशान शर्मा, कुलदीप ढिल्लों, नवनीत नरवाल, ब्लॉक प्रधान युवा कांग्रेस, सुभाष पाली, हिमांशु अरोड़ा, पूर्व पार्षद पंकज शर्मा, विशाल मौदगिल, विवेक भारद्वाज, दीपक परासर, पिंकी, जय किशन समेत हजारों सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

नन्हे कलाकार वीर अलाम्भा ने विधायक कबीरपंथी को भेंट किया उनका सुंदर स्केच



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। तरावड़ी निवासी डॉ. ओमप्रकाश के पौत्र एवं नन्हे कलाकार वीर अलाम्भा ने अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए हल्का नीलोखेड़ी के विधायक श्री भगवान दास कबीरपंथी का बेहद सुंदर एवं जीवंत स्केच तैयार कर उन्हें भेंट किया। वीर द्वारा बनाए गए इस आकर्षक रेखाचित्र को देखकर विधायक भगवान दास कबीरपंथी काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने नन्हे कलाकार की प्रतिभा और कला के प्रति लगन की जमकर सराहना की। साथ ही वीर को अपना भरपूर प्यार, स्नेह और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक कबीरपंथी ने कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों के अंदर इस प्रकार की रचनात्मक प्रतिभा का होना गर्व की बात है। बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे भविष्य में अपनी कला और हुनर के माध्यम से क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सभी ने नन्हे वीर अलाम्भा की कलाकारी की प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नशा मुक्त युवा, विकसित भारत के संकल्प के साथ आयोजित हुआ पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। मेरा युवा भारत (MY Bharat) करनाल द्वारा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में करनाल ब्लॉक के लिए पड़ोस युवा संसद (Neighbourhood Youth Parliament) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "नशा मुक्त युवा – विकसित भारत" रहा, जिसमें लगभग 150 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने नशे की बढ़ती समस्या, इसके सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्प्रभावों तथा इससे निपटने के प्रभावी उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया। युवाओं ने चर्चा के उपरांत "नशा मुक्त युवा – विकसित भारत" विधेयक (बिल) पारित किया, जिसमें नशे की रोकथाम, युवाओं में जागरूकता बढ़ाने, नशे से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास, सामुदायिक सहभागिता तथा जमीनी स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने से संबंधित कई अभिनव सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में चार अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। इनमें संसाधन व्यक्तियों डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. श्रुति, डॉ. दीपक, डॉ. हंसराज एवं डॉ. रेणु बलियान ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, इसके सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को नशा मुक्त युवा एंबेसडर बनकर अपने परिवार, मित्रों, गांवों एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विवेक रांगा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करनाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नशा युवाओं की ऊर्जा, क्षमता एवं भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि युवाओं में सकारात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का विकास करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी (DYO) सुश्री अंजलि चौधरी ने कहा कि पड़ोस युवा संसद युवाओं को केवल अपने विचार व्यक्त करने का मंच ही नहीं देती, बल्कि उन्हें सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए भी तैयार करती है।

ईश्वर कृपा से जीव को मनुष्य योनि प्राप्त होती है : पवन कौशिक



ओपन सर्च/ वेद बहल

झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर परिसर में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वाधान में चल रही कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने ईश्वर कृपा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर कृपा से जीव को मनुष्य योनि प्राप्त होती है। इस संसार में सोचने की शक्ति और विवेक मनुष्य को ही प्राप्त है। उन्होंने कहा कि विवेक द्वारा वह धर्म के मार्ग पर चलकर वैराग्य प्राप्त कर सकता है। वैराग्य से ज्ञान प्राप्त होता है। ज्ञान से ईश्वर भक्ति प्राप्त होती है, जिसके द्वारा वह निष्काम कर्म करता हुआ मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। आयोजित कार्यक्रम में नारायण सरदाना, कोमल, विशन वधवा, संध्या आर्य ने राधा तेरे चरणों की, गर धूल जो मिल जाए, सच कहती तू मेरी तकदीर बदल जाए..सुनते है तेरी रहमत दिन रात बरसती है..इंदू भूगड़ा ने राधे राधे श्याम बोल आएंगे, आएंगे श्याम वृंदावन कहा दूर है..सुषमा गोसाई ने मैं तो हर सांस पर राधा राधा जपू फिर ना जाने ये जीवन मिले ना मिले..महिला मंडली की सदस्यों ने भजन सुनाकर महिला श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महिला प्रधान इंदू देवराज भूगड़ा, उषा रंजन, सृष्टि, यशिका रंजन, प्रधान रमेश लखेरा समाज, अर्पित सेवक सहित अन्य मौजूद रहे।

व्रती श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

महाभारत काल में कर्ण सूर्यदेव की पूजा करते हुए सूर्य की कृपा से बने महान योद्धा : विधायक तेजपाल तंवर







ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर रविवार को खेलस्टेडियम मैदान में खंडस्तरीय छठ पूजा उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के साथ-साथ क्षेत्र के गांवों में रहने वाले पूर्वांचल और बिहार से यहां आकर रह रहे परिवारों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर छठ मैया का पूजन करने आए लोगों ने बढ़ते प्रदूषण से बचाव और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा बम-पटाखे ना फोड़े जाने का संकल्प लिया। स्टेडियम में आज छठ पूजा उत्सव के चलते भोजपुरी गीतों की गूंज सुनाई पड़ी। देखने में आया कि छठ पूजा उत्सव में बिहार और पूर्वांचल के रहने वाले लोग अपने पारम्पारिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे श्रद्धाभाव से बांस निर्मित टोकरी में खेलस्टेडियम में बनाए गए आयोजन स्थल पर आए। इस मौके पर सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर व नगरपार्षद तथा भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष हरीश नंदा राजू, क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी किशोर यादव, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया, नगरपार्षद नीरज सिंगला, नगरपार्षद संदीप सिंगला पिंटू, सोहना बार एसोसिएशन प्रधान अमित यादव, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र सिंह बागड़ी, मारूतिकुंज कॉलोनी से आए भाजपा नेता महेश यादव, राहुल यादव, मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल, गांव भिरावटी से ललित राघव एडवोकेट, गांव मैलावास से मुकुल शर्मा एडवोकेट, गांव सांपकीनंगली स्थित सत्य सनातन गौशाला से मुकेश शर्मा एडवोकेट, स्थानीय बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कुशल भारद्वाज, सोहना शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी आदि प्रमुखजनों समेत आमंत्रित लोगों ने हिस्सा लिया और खेलस्टेडियम में मौजूद लोगों को छठ पर्व की मुबारकबाद दी। इससे पूर्व छठ पूजा आयोजन समिति से जुड़े भारतीय जीवन बीमा निगम के सोहना कार्यालय में एसडीओ विनोद शुक्ला, प्रमोद कुमार पांडे, बीरमनी सिंह, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामायसा वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा, विजयप्रकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, शिक्षा समिति उपचेयरमैन व व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश अग्रवाल, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला आदि ने बताया कि छठ पूजा 4 दिन चलने वाला पर्व है। पर्व के तीसरे दिन शाम को खेलस्टेडियम मैदान में अस्थाई रूप से बनाए गए तालाब में सूर्यास्त होने पर छठ का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सूर्य को अघ्र्य दिया गया। 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद यह पूजा की जाती है। भगवान को अघ्र्य देने से पहले भी कई विधि-विधान किए जाते है। इससे परिवार में सुख, समृद्धि, खुशहाली आती है जबकि सोमवार को प्रात: समय उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देकर छठ पूजा होगी। इस मौके पर उपस्थितों के बीच छठ पूजा की बधाई देते हुए सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि जिस पर छठ मैया की कृपा हो जाती है, उस पर कभी विपदा नही आती। वह धन-धान्य से भरपूर और सुख-समृद्धि, खुशहाली में जीवन जीता है। उन्होने बताया कि छठ पूजा का उल्लेख प्राचीन धर्म ग्रंथों में भी पाया जाता है। एक मान्यता के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम और माता सीता ने व्रत रखकर भगवान सूर्यदेव की आराधना की और सप्तमी को सूर्योदय के समय पुन: अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद लिया था। तभी से छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाने लगा। उन्होने बताया कि इस व्रत की चर्चा श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मावर्वत पुराण, देवी पुराण आदि प्राचीन ग्रंथों में विस्तार से है। ऋग्वैदिक काल से सूर्य उपासना होती आ रही है। मध्यकाल से छठ पूजा व्यवस्थित रूप से प्रचलन में आई। उन्होने बताया कि महाभारत काल में कर्ण सूर्यदेव की पूजा करते हुए सूर्य की कृपा से महान योद्धा बने थे। कालखंड में पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने सूर्य की पूजा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना से की थी। उन्होने कहा कि सूर्य को शक्ति का देवता माना गया है। सूर्य की आराधना काफी महत्व रखती है। ऐसी मान्यता है कि छठ मैया सूर्य भगवान की बहन है। उनको प्रसन्न करने के लिए जीवन में सूर्य और जल की सर्वाधिक महता मानते हुए सूर्य की आराधना पवित्र जल में खड़े होकर की जाती है। छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है।

पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है। वही परिवार चलाती है और अपने परिवार के लिए जन-धन और स्वास्थ्य की कामना करती है। वह एक नही दो-दो परिवारों में सुख-संपत्ति की कामना रखती है। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा और नगरपार्षद वेदकला शर्मा समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि इस व्रत में ब्याही लड़कियां भी मायके आती है। बाल-बच्चों के बड़े हो जाने पर वह स्वयं ससुराल में छठ मैया का व्रत रखती है।

खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह : निहाल सिंह धारीवाल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने कहा कि छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इससे पूर्व रविवार को समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट अपने लाव-लश्कर के साथ मारूतिकुंज, कृष्णाकुंज, मोहननगर, रेयान इंकलेव, श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, साईंकुंज में छठ पूजा के लिए बनाए गए घाटों वाले आयोजन स्थल पर पहुंचे और उपस्थित लोगों को छठ पर्व की बधाई दी। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने सभी को छठ पूजा की बधाई दी और कहा कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है।

जनगणना में मतदाता को देने होंगे 40 सवालों के जवाब : भाजपा नेता राकेश जैन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने रविवार को यहां पर भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में आम जनमानस को जनगणना के प्रति जागरूक बनाने के लिए व्यापारी नेता मनोज बजरंगी के सानिध्य और भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष हरीश नंदा राजू की अध्यक्षता में आयोजित किए गए कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों को मुख्य वक्ता रूप में संबोधित करते हुए बताया कि अब जनगणना-2027 में नागरिक अपने घर बैठे भी अपने परिवार की समुचित जानकारी ऑनलाइनदर्ज करा सकेंगे। उन्होने बताया कि 10 से 24 जनवरी तक ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोई भी नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों से संबंधित जानकारी खुद ही ऑनलाइन भर सकेंगे। उन्होने बताया कि इस बार की जा रही जनगणना की निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 सवालों के जवाब हर नागरिक को देने होंगे। इसमें परिवार के सदस्यों की जन सांख्यिकीय के साथ-साथ सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियों, भाषा तथा प्रयास से संबंधित जानकारियां शामिल होगी। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि नागरिकों को सभी जरूरी विवरण बहुत ही सावधानीपूर्वक और सही-सही दर्ज करने होंगे ताकि जनगणना के आंकड़ों में किसी तरह की त्रुटि ना रहे। अहम बात यह है कि ऑनलाइन स्वगणना करने के बाद भी नागरिकों को प्रगणकों के अपने घर आने का इंतजार करना होगा। उन्होने बताया कि 25 जनवरी से 28 फरवरी, 2027 तक प्रगणक घर-घर पहुंच कर ऑनलाइन दर्ज जानकारी का धरातल पर मिलान और सत्यापन करेंगे और जनगणना के दौरान प्रगणक मोबाइल एप के माध्यम से मौके पर ही आंकड़े दर्ज करेंगे तथा नागरिकों की ओर से दी गई व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता जनगणना अधिनियम-1948 के तहत पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

लोक आस्था का प्रतीक है महापर्व छठ पूजा : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला का कहना है कि छठ पूजा महापर्व लोक आस्था का प्रतीक है। उन्होने बताया कि सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था। उन्होने बताया कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने कहा कि छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

सांसद खेल महोत्सव के जरिए खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन : भाजपा नेता योगी राघव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के जरिए क्षेत्र, जिला और प्रदेश में छुपी हुई प्रतिभाओं के आगे आने से खेल प्रतिभाओं को पूरा प्रोत्साहन मिलेगा। खुशी की बात यह है कि पहली बार स्कूलों-कॉलेजों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव के तहत खिलाडिय़ों को भरपूर बढ़ावा मिलेगा। उन्होने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में इस संसदीय क्षेत्र के तहत लगने वाले 3 जिलों गुरूग्राम, नूंह और रेवाड़ी के खिलाडिय़ों को खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। उन्होने बताया कि इन खेलों के आयोजनों को लेकर तारीख और खेल प्रतियोगिताओं की सूची जल्द ही खेल अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर जारी की जाएगी। भाजपा नेता योगी राघव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की खेल नीतियों की बदौलत आज हरियाणवी खिलाड़ी सर्वाधिक मेडल जीतकर भारत का नाम दुनिया के मानचित्र पर गौरान्वित कर रहे है।

ग्रेप की पाबंदियां ना मानने पर दो बिल्डरों के चल रहे प्रोजेक्टों पर लगाई सील

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): एक्यूआई 400 पार होने और शहर की हवा दमघोटू होने के बावजूद वायु प्रदूषण पर रोक नही लग पा रही है। जिस कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वायु प्रदूषण लगातार खतरनाक श्रेणी में बना हुआ है लेकिन इसके बावजूद कई बिल्डर ज्यादा मोटा कमाने के चक्कर में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर अपने निर्माण कार्य रोकने की बजाय चोरी-छिपे निर्माण कार्य चालू रख लोगों की सेहत व जिंदगी से खिलवाड़ करने से बाज नही आ रहे है। इस बात का भांड़ाफोड़ उस वक्त हुआ, जब राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यहां पर गोदरेज एवं एमथ्रीएम के 2 प्रोजेक्टों पर छापेमारी कर इन प्रोजेक्टों को रोक के बावजूद चलती हालत में पाए जाने पर इन दोनों प्रोजेक्टों को सील कर दिया है। अहम बात यह है कि प्रदूषण बोर्ड की तरफ से पहले भी एमथ्रीएम के 2 प्रोजेक्टों को इसी तरह के मामले में पहले ही सील किया जा चुका है और इस बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की छापामार टीम ने एमथ्रीएम के स्मार्ट वल्र्ड प्रोजेक्ट को सील किया है। जल्द ही इस बिल्डर पर मोटा जुर्माना भी अर्थदंड के रूप में लगाया जाएगा। इसके साथ-साथ गोदरेज के सेक्टर तीन वाले हैवीटेट प्रोजेक्ट को भी सील किया गया है।

सूर्य को माना गया है शक्ति का देवता-छठ मैया सूर्य भगवान की बहन : नगरपार्षद हरीश नंदा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू का कहना है कि छठ पूजा का उल्लेख प्राचीन धर्म ग्रंथों में भी पाया जाता है। एक मान्यता के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम और माता सीता ने व्रत रखकर भगवान सूर्यदेव की आराधना की और सप्तमी को सूर्योदय के समय पुन: अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद लिया था। तभी से छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाने लगा। उन्होने बताया कि इस व्रत की चर्चा श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मावर्वत पुराण, देवी पुराण आदि प्राचीन ग्रंथों में विस्तार से है। ऋग्वैदिक काल से सूर्य उपासना होती आ रही है। मध्यकाल से छठ पूजा व्यवस्थित रूप से प्रचलन में आई। उन्होने बताया कि महाभारत काल में कर्ण सूर्यदेव की पूजा करते हुए सूर्य की कृपा से महान योद्धा बने थे। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि कालखंड में पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने सूर्य की पूजा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना से की थी। उन्होने कहा कि सूर्य को शक्ति का देवता माना गया है। सूर्य की आराधना काफी महत्व रखती है। ऐसी मान्यता है कि छठ मैया सूर्य भगवान की बहन है। उनको प्रसन्न करने के लिए जीवन में सूर्य और जल की सर्वाधिक महता मानते हुए सूर्य की आराधना पवित्र जल में खड़े होकर की जाती है। छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की मांग पत्र सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है। वही परिवार चलाती है और अपने परिवार के लिए जन, धन और स्वास्थ्य की कामना करती है। वह एक नही दो-दो परिवारों में सुख-संपत्ति की कामना रखती है। पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि इस व्रत में ब्याही लड़कियां भी मायके आती है। बाल-बच्चों के बड़े हो जाने पर वह स्वयं ससुराल में छठ मैया का व्रत रखती है।

छठ पूजा से मिलती है शक्ति व नई ऊर्जा : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी का कहना है कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने बताया कि छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने के बाद व्रतियों ने उगते सूर्य को अघ्र्य देकर व्रत का समापन अदरक और गुड़ खाकर किया है। छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इससे पूर्व रविवार को सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने कहा कि छठ मैया की पूजा से नई ऊर्जा और शक्ति मिलती है। आस्था का यह महापर्व हम सभी को एक अद्वितीय ऊर्जा और शक्ति प्रदान करता है। उन्होने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरा यह मानना है कि मेरे अपने जीवन में इस पर्व का अत्याधिक महत्व है। आस्था का यह भव्य उत्सव अपनी संस्कृति और परम्पराओं को नई ऊंचाईयों पर ले जाता है। छठ महापर्व के इन 4 दिनों के दौरान हमें ऊर्जा और शक्ति का नया संचार प्राप्त होता है। यही ऊर्जा व शक्ति हमें साल भर अपने दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संबल देती है। सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने सभी को छठ पूजा की बधाई दी और कहा कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है। वही परिवार चलाती है और अपने परिवार के लिए जन-धन और स्वास्थ्य की कामना करती है। वह एक नही दो-दो परिवारों में सुख-संपत्ति की कामना रखती है। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा और नगरपार्षद वेदकला शर्मा समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि इस व्रत में ब्याही लड़कियां भी मायके आती है। बाल-बच्चों के बड़े हो जाने पर वह स्वयं ससुराल में छठ मैया का व्रत रखती है।

देवोत्थान एकादशी पर 20 नवंबर से शुरू होगा शादियों का सीजन

20 से बजेगी शहनाईयां-बैंड-बाजे, डीजे, घोडा-बुग्गी, गाडिय़ों, हलवाइयों की बनेगी मौज

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर विवाह-शादियों की फिर से रौनक लौटने वाली है क्योकि 20 नवंबर देवोत्थान एकादशी वाले दिन से शादियों का मुहुर्त शुरू हो रहा है। जिससे बैंकेट हॉल, बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ा बग्घी, वाहन चालकों, कैटरिंग का काम करने वाले व हलवाईयों के चेहरे खिले नजर आ रहे है। माना जा रहा है कि शुरूआती दो दिनों में ही सोहना शहर व देहात के गांवों में करीब एक हजार 200 से ज्यादा शादियों का अनुमान है। हालात ऐसे है कि कई बैंकेट हॉल व होटलों ने एक ही दिन में दो-दो शादियों की बुकिंग लेनी शुरू कर दी है तो कई बैंकेट हॉलों व धर्मशालाओं की बुकिंग अभी से फुल हो गई है। 20 नवंबर से देवोत्थान एकादशी पर शादियों का सीजन शुरू होने से पहले ही सबके चेहरे खिले-खिले नजर आ रहे है। जेवरात सर्राफा बाजार में भी चमक तेजी से वापिस लौट रही है। अहम बात यह है कि सोने-चांदी के भाव दिनोंदिन आसमान छू रहे है। उसके बावजूद सोने-चांदी की बिक्री दिनोंदिन तेजी से बढ़ रही है। लोगों ने बताया कि सोना-चांदी के भाव आने वाले दिनों में और ज्यादा तेजी आने की संभावना है। जेवरात सर्राफा व्यापारियों जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, संजीव गुप्ता सर्राफ, प्रीतम जैन सर्राफ, पंकज गुप्ता सर्राफ, अनिल जैन सर्राफ, सिद्धार्थ जैन सर्राफ आदि का कहना है कि सोने-चांदी की बिक्री में आई तेजी की वजह 20 नवंबर से शादियां ज्यादा होने की वजह से त्यौहारों पर जेवरात बिक्री की वजह मानी जा रही है। सर्दी का मौसम होने से रजाई, गददे, कुर्सियों, फर्नीचर, फ्रिज, एसी, घरेलू सामान की बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में लोगों विशेषकर कारोबारियों को उम्मीद है कि इस बार मंदे की कसर विवाह-शादियों के चलते जरूर निकलेगी। देवउठनी एकादशी से विवाह शुरू होने के कारण यहां बाजारों में गांव-देहात से सामान खरीदने आए लोगों की भारी भीड़ अभी से नजर आ रही है। जाहिर है कि 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सीजन चल निकलने पर बैंड-बाजे, डीजे, घोडा-बुग्गी, गाडिय़ों, हलवाइयों की मौज बन आएगी। बता दें कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देवशयनी एकादशी के बाद शादी-विवाह आदि थम गए थे लेकिन देवउठनी एकादशी के साथ ही क्षेत्र में अब 20 नवंबर से एक बार फिर चंहु ओर शहनाई की गूंज सुनाई देंगी। विवाह-शादियों के चलते यहां पर गुलजार हुए बाजारों में भी दोबारा से भारी भीड़ व खासी रौनक बन गई है। यहां पर धर्मशालाएं और समारोह स्थल सजने लगे है। विवाह-शादियों का सीजन शुरू होने से पहले ही बाजार में लोगों की भारी भीड़ व आवाजाही हो गई है। लोग निमंत्रण पत्र छपवाने के साथ-साथ वाटसअप के माध्यम से अपने रिश्तेदारों व परिचितों को सोशल मीडिया के माध्यम से निमंत्रण भेजने को ज्यादा तरजीह दे रहे है। देखने में आ रहा है कि अपने पुत्र-पुत्रियों की शादियों की तारीख तय होते ही लोगों ने वाहनों, डीजे, हलवाइयों, धर्मशालाओं, फार्महाउसों व घोड़ी आदि की बुकिंग शुरू कर दी है। घरों में भी शादी समारोह आयोजनों की तैयारियों के चलते रंगाई-पुताई का काम जोरों पर है। सावों का सीजन फिर से शुरू होने वाला है। 20 नवंबर को कार्तिक शुक्ल एकादशी के साथ से ही शादी-विवाह का दौर शुरू हो जाएगा। पंडितों चमनपुरी गोस्वामी, रमेश शास्त्री, वेदप्रकाश शास्त्री, दिनेश शास्त्री, आचार्य लोकेश भारद्वाज, अनिल भारद्वाज कोकी, पंडित भगवतदयाल शर्मा, सुंदरलाल शास्त्री, मास्टर भगवानदास वशिष्ठ, मास्टर अनिल वशिष्ठ, गांव गांगौली में रहने वाले पंडित सुंदरलाल शास्त्री व पंडित रामकुमार शर्मा, पंडित छाजूराम भौंड़सिया आदि ने बताया कि देवउठनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह के साथ ही अबूझ सावा है। चातुर्मास व त्यौहारों के बाद एकादशी को इस सीजन का यह पहला सावा होगा। इसमें हजारों जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। गौरतलब हो कि शादियों के चलते शादियों के निमित विवाह वाले परिवारों ने अभी से ज्वैलरी, इलैक्ट्रॉनिक्स व फर्नीचर की खरीद शुरू कर दी है। दुल्हनों की बरी व दूल्हे के सगे-संबंधियों के जरीयुक्त खीन खाफ के वेश के लिए भी कपड़ों की खरीद शुरू हो गई है। कई घरों में बाकायदा दर्जी को बिठाकर कपड़ों की सिलाई की जा रही है। रेडीमेड वस्त्रों की खरीद तो ऐन सावे के दिन तक जारी रहने की संभावना है। बाजार को उम्मीद है कि शादियों के सीजन में भी रौनक बनी रहेगी। शादियों के सीजन शुरू होने से पहले ही बुकिंग का दौर शुरू हो गया है।

पंडित, हलवाई व मैरिज हाल तथा धर्मशालाएं करीब-करीब बुक हो चुकी है। विवाह वाले घरों में जीमण के लिए मंडी से थोक में गेंहू, चने व हरिया की बोरियां उठने लगी है तो दूध, दही, घी, पनीर आदि की एडवांस बुकिंग भी जोरों पर है। इधर बैंड-बाजा व घोड़ी वाले एक ही दिन में 8 से 10 शादियों की बुकिंग कर लेते है। इस वजह से कई बार बारात की रवानगी नियत समय से घंटों देरी से हो पाती है। इस बार भी सावों से पहले ही इनकी एडवांस बुकिंग हो रखी है। इस बार भी सावों से पहले ही इनकी एडवांस बुकिंग चल निकली है। स्मार्टफोन का प्रचलन बढऩे से विवाह-शादियों में फोटो खिचवाने और वीडियो रील बनवाने का काम बहुत कम हो गया है।

छोटे उद्यमियों को बिजली शुल्क में मिलेगी छूट : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा राज्य में छोटे उद्योगों को बिजली पर मिलने वाली 2 रुपए प्रति यूनिट सब्सिबडी बंद कर देने के साथ ही अब नई औद्योगिक नीति 2026 में उद्यमियों के लिए कई आकर्षक विकल्प उपलब्ध कराए है। उन्होने बताया कि छोटे उद्यमी अपनी ईकाई व निवेश के हिसाब से इन नई लागू की गई योजनाओं का भरपूर लाभ ले सकते है। सबसे बड़ी और खुशी की बात यह है कि नए उद्योगों को बिजली शुल्क में 100 फीसदी छूट मिलेगी। व्यापारी नेता मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि राज्य में लागू की गई एमएसएमई नीति के तहत ब्लॉक श्रेणी आधार पर पात्र नए उद्योगों को बिजली शुल्क में 100 प्रतिशत तक छूट देने का प्रावधान बनाया गया है जबकि बी श्रेणी ब्लॉक में स्थापित होने वाली ईकाईयों को अधिकतम दस वर्ष और सी श्रेणी ब्लॉक वाली ईकाईयों को अधिकतम 7 वर्ष तक बिजली शुल्क में 100 फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। उन्होने बताया कि इसका मूल उददेश्य पिछड़े और कम विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना और नई ईकाईयों की शुरूआती लागत घटाना है। व्यापारी नेता मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि सी और डी श्रेणी के ब्लॉक में मिलने वाली दो रुपए प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी बंद किए जाने के बाद अब नई नीति के तहत बिजली शुल्क में दी गई पूरी छूट उद्योगों के लिए जबरदस्त टॉनिक का काम करेगी। उन्होने बताया कि सी श्रेणी में भिवानी, फतेहाबाद, कैथल, जींद और सिरसा ब्लॉक है तो डी श्रेणी में लोहारू, तोशाम, नारनौद, नरवाना, पुन्हाना और मोरनी जैसे ब्लॉक शामिल है और डी ब्लॉक के उद्योगों के लिए ब्याज सब्सिडी और पर्यावरण संयंत्रों पर अनुदान जबरदस्त फायदेमंद साबित होगा। बैंक से लिए गए निश्चित अवधि वाले ऋण पर 5 से 7 प्रतिशत का ब्याज सब्सिडी मिलेगी। जिसकी सालाना सीमा 20 से 25 लाख है। वही एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर लागत का 25 प्रतिशत (अधिकतम एक करोड़)और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज संयंत्र पर 25 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़)तक अनुदान मिल सकता है।
</transc

प्रकृति के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खेती में करे बदलाव : चेयरमैन दयाराम लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने किसानों को प्रकृति के संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक बनाते हुए खेती के तरीके बदलने तथा जल, जंगल, जमीन और मिटटी को बचाने के लिए जागरूक बनने का आहवान किया है। रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए किसानों को अपने कार्यालय पर संबोधित करते हुए भाजपा नेता व मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने कहा कि मानवता व प्रकृति एक-दूसरे के पूरक है। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नही की जा सकती। जीवन शैली और खेती के विकास के तरीकों में बदलाव लाकर प्रकृति का संरक्षण करना आज के वक्त की सबसे बड़ी मांग है। उन्होने बताया कि आज केन्द्र व प्रदेश सरकार शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रकृति संरक्षण के लिए जल संरक्षण, जैविक खेती, पशुपालन और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर विशेष फोकस कर रही है। गौपालन के साथ-साथ सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर भी सरकार तेजी से काम कर रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। भाजपा नेता चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि 400 भैंसों की डेयरी खोलने पर प्रतिदिन करीब 2500 लीटर दूग्ध का उत्पादन होता है और आज भैंस का दूग्ध 80 रुपए से 90 रुपए लीटर बिक रहा है तो गोबर के भी कंडे, उपले बनाकर बेचे जा रहे है तो वही गोबर को खेतों में जैविक खाद के रूप में उपयोग में लाने के साथ-साथ गोबर से बायोगैस बनाने की दिशा में भी काम हो रहा है ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। उन्होने कहा कि केवल पौधारोपण काफी नही पौधों की देखभाल कर उन्हे वृक्ष बनाना भी महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण और मिटटी की उर्वरता बनाए रखने के लिए खेती व पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।

प्राचार्यों के 177 पदों में से 95 पद रिक्त होने से शिक्षा हो रही प्रभावित : कांग्रेस नेता मोहित तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मोहित तंवर एडवोकेट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की दोगली नीतियों का भांड़ाफोड़ करते हुए कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने का दावा करते ना थकने वाली भाजपा राज में आज प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हजारों शिक्षकों के पद स्थाई रूप में खाली पड़े है तो कही स्थाई प्राचार्य और स्कूलों व महाविद्यालयों में शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। उन्होने बताया कि जमीनी स्तर पर सच्चाई यह है कि राज्य के 185 सरकारी महाविद्यालयों में प्राचार्य के 177 स्वीकृत पदों में से 95 पद रिक्त पड़े है तो असिसटेंट प्रोफेसरों के 8 हजार पदों में से 4834 पद रिक्त है। गेस्टटीचरों के सहारे महाविद्यालयों को चलाया जा रहा है।

स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचेगा सांसद खेल महोत्सव : भाजपा नेता महेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने बताया कि स्कूलों-कॉलेजों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव के तहत खिलाडिय़ों को भरपूर बढ़ावा मिलेगा। उन्होने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में इस संसदीय क्षेत्र के तहत लगने वाले 3 जिलों गुरूग्राम, नूंह और रेवाड़ी के खिलाडिय़ों को खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। उन्होने बताया कि इन खेलों के आयोजनों को लेकर तारीख और खेल प्रतियोगिताओं की सूची जल्द ही खेल अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर जारी की जाएगी।

सोहना के व्यापारियों ने किया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के लिए कूच : संदीप सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर तीर्थस्थल गर्मचश्मा श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा में वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सिंगला कालू ने बताया कि रविवार को सैकड़ों व्यापारियों ने ट्रेड फेयर यानी 45वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के लिए भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला की अगुवाई में भारत मंडपम के लिए कूच किया और इस बात पर खुशी जताई कि कूच करने वाले व्यापारी ट्रेड फेयर में विभिन्न राज्यों व देशों से आए कारोबारी की स्टॉलों को देखने के साथ-साथ वहां आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लेंगे। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने कहा कि ट्रेड फेयर से कारोबारी क्षेत्र में नई-नई गतिविधियों का ज्ञान अर्जित होता है तो दूसरे प्रदेशों के रहन-सहन, बोलचाल, आचार-विचार, संस्कृति को भी रूबरू देखने का मौका मिलता है।

जनकपुर से रामनगरी अयोध्या के बीच चलेगी रेल : रामभक्त महेन्द्रप्रताप अरोड़ा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपालिका के पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा उर्फ बिल्लू अरोड़ा ने मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या और नेपाल के जनकपुर धाम के बीच साप्ताहिक रेल परिचालन को मंजूरी दिए जाने पर क्षेत्र के रामभक्तों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का आभार जताया है। उन्होने बताया कि यह रेल 604 किलोमीटर लम्बा सफर तय कर जनकपुर धाम से चलकर बिहार और उत्तरप्रदेश के कई शहरों जयनगर, मधुबनी, सीतामढ़ी, रकसोल, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती और मनकापुर में ठहराव कर अयोध्या नगरी पहुंचेगी और अगले दिन सोमवार को अयोध्या से वापिस जनकपुर के लिए चलेगी।

वायु प्रदूषण कम होने पर दर्ज होंगे मामले- अधिकारियों पर गिरेगी गाज : डाक्टर सतीश जुनेजा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने केन्द्र सरकार द्वारा सोहना समेत समूचे एनसीआर क्षेत्र में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए लिए गए कड़े निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार ने ताजा-ताजा निर्णय लिया है कि अगर एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम नही हुआ तो इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर से कठोर विभागीय व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के साथ-साथ उसके खिलाफ पुलिस थाने में आपराधिक मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए आयोजित की गई बैठक में मौजूद आला अधिकारियों को इस मामले में कडे तेवर दिखाते हुए स्पष्ट लहजे में सरकार का रूख साफ करते हुए कहा है कि उन्हे कागजी आंकड़ों की बजाय जमीनी स्तर पर कार्य होता नजर आना चाहिए। केवल योजनाएं बनाने से काम नही चलेगा। जमीनी स्तर पर सख्त, समयबद्ध और समन्वित कार्रवाई करने के लिए कडे से कड़े कदम उठाने होंगे।

गीता का संदेश और भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष सबके लिए प्रेरणास्रोत : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में श्री कृष्ण कृपा धाम के भवन निर्माण का किया शिलान्यास

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें गीता के माध्यम से कर्म, कर्तव्य और लोक कल्याण का मार्ग दिखाया, वहीं भगवान बिरसा मुंडा ने अपने जीवन और संघर्ष से हमें स्वाभिमान, एकता तथा अपनी धरती और संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिया। दोनों महापुरुषों के संदेश हमें सिखाते हैं कि सच्चा जीवन वही है, जो अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हो और समाज के हित में समर्पित हो। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात रविवार को पंचकूला में 'श्री कृष्ण कृपा धाम' के भवन का शिलान्यास तथा जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण कृपा धाम के निर्माण कार्य के लिए 31 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की भी घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी सुना। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री कृष्ण कृपा धाम के रूप में पंचकूला की इस पावन धरती पर केवल एक भवन की ही नहीं, बल्कि एक ऐसे आध्यात्मिक केंद्र की नींव रखी जा रही है, जिसके माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, सेवा, समर्पण और श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ईंट और पत्थर से बनने वाला यह भवन श्रद्धा और संस्कारों के बल पर एक तीर्थ के रूप में विकसित होगा।

प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस को राष्ट्रीय पहचान दिलाई:

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में राष्ट्रीय पहचान दिलाई। वर्ष 2021 से प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को यह दिवस मनाया जा रहा है, ताकि जनजातीय वीरों के बलिदान और जनजातीय समाज के योगदान को पूरे देश के सामने सम्मानपूर्वक याद किया जा सके। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बिरसा मुंडा का संघर्ष इतिहास में दर्ज:

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष, स्वाभिमान और अपनी धरती एवं संस्कृति की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। अंग्रेजी शासन और शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध उनका संघर्ष इतिहास में दर्ज है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि साहस केवल शस्त्र उठाने में नहीं, बल्कि अपने लोगों के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिए निडर होकर खड़े होने में भी है। उन्होंने समाज सुधारक के रूप में नशे, अंधविश्वास और कुरीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की और फिर 'हमारी धरती, हमारा राज' का नारा देकर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए महाविद्रोह का नेतृत्व किया।

बिरसा मुंडा ने गीता को जीवन में उतारकर दिखाया:

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को गौर से देखें तो हमें पता चलता है कि उन्होंने गीता को अपने जीवन में उतारकर दिखाया और गीता के संदेश के अनुरूप कर्म और कर्त्तव्य को प्राथमिकता दी जिसके कारण उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कम आयु में ही अन्याय और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाकर जनजातीय समाज में जागरूकता, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना जगाई। आज देश के हर किसान, आदिवासी और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने वाले प्रत्येक युवा के भीतर भगवान बिरसा मुंडा जीवित हैं।

गीता का ज्ञान चिंताओं को समाप्त करता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार गीता के संदेश को कुरुक्षेत्र से अब विश्व में घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है जिसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का उल्लेखनीय सहयोग है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब हम भविष्य को लेकर चिंतित होते हैं, तब श्रीमद्भगवद्गीता हमें धैर्य, विवेक और कर्म करने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि इस धाम से निकलने वाला आध्यात्मिक संदेश पंचकूला से पूरे हरियाणा और देश भर में फैले।

कांग्रेस एसआईआर पर घर-घर जाकर बनाएगी जागरूक : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने राज्य में चल रहे एसआईआर को लेकर हर घर पर दस्तक दे मतदाताओं को जागरूक बनाने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि चौपालों के माध्यम से भी कांग्रेस वोट चोरी और एसआईआर से जुड़े सवालों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाकर मुख्य चुनाव आयुक्त और भाजपा की साठगाठ का भाड़ाफोड़ कर रही है। उन्होने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने प्रत्येक घर में जाकर वहां के मतदाताओं की पूरी जानकारी इकटठा करने और जिन पात्र मतदाताओं के नाम एसआईआर में काट दिए गए है, उनके नाम दोबारा से कानून सम्मत तरीके से मतदाता सूची में जुड़वाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है।



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि छठ पूजा महापर्व लोक आस्था का प्रतीक है। उन्होने बताया कि सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है।

देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने बताया कि छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

बिजली शुल्क में छोटे उद्यमियों को मिलेगी 100 फीसदी छूट : डाक्टर रतनपाल खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा राज्य में छोटे उद्योगों को बिजली पर मिलने वाली 2 रुपए प्रति यूनिट सब्सिबडी बंद कर देने के साथ ही अब नई औद्योगिक नीति 2026 में उद्यमियों के लिए कई आकर्षक विकल्प उपलब्ध कराए है। उन्होने बताया कि छोटे उद्यमी अपनी ईकाई व निवेश के हिसाब से इन नई लागू की गई योजनाओं का भरपूर लाभ ले सकते है। सबसे बड़ी और खुशी की बात यह है कि नए उद्योगों को बिजली शुल्क में 100 फीसदी छूट मिलेगी। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि राज्य में लागू की गई एमएसएमई नीति के तहत ब्लॉक श्रेणी आधार पर पात्र नए उद्योगों को बिजली शुल्क में 100 प्रतिशत तक छूट देने का प्रावधान बनाया गया है जबकि बी श्रेणी ब्लॉक में स्थापित होने वाली ईकाईयों को अधिकतम दस वर्ष और सी श्रेणी ब्लॉक वाली ईकाईयों को अधिकतम 7 वर्ष तक बिजली शुल्क में 100 फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। उन्होने बताया कि इसका मूल उददेश्य पिछड़े और कम विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना और नई ईकाईयों की शुरूआती लागत घटाना है। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि सी और डी श्रेणी के ब्लॉक में मिलने वाली दो रुपए प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी बंद किए जाने के बाद अब नई नीति के तहत बिजली शुल्क में दी गई पूरी छूट उद्योगों के लिए जबरदस्त टॉनिक का काम करेगी। उन्होने बताया कि सी श्रेणी में भिवानी, फतेहाबाद, कैथल, जींद और सिरसा ब्लॉक है तो डी श्रेणी में लोहारू, तोशाम, नारनौद, नरवाना, पुन्हाना और मोरनी जैसे ब्लॉक शामिल है और डी ब्लॉक के उद्योगों के लिए ब्याज सब्सिडी और पर्यावरण संयंत्रों पर अनुदान जबरदस्त फायदेमंद साबित होगा।

बैंक से लिए गए निश्चित अवधि वाले ऋण पर 5 से 7 प्रतिशत का ब्याज सब्सिडी मिलेगी। जिसकी सालाना सीमा 20 से 25 लाख है। वही एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर लागत का 25 प्रतिशत (अधिकतम एक करोड़)और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज संयंत्र पर 25 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़)तक अनुदान मिल सकता है।

छठ मैया से घर की खुशहाली मांगती है महिलाएं : समाजसेवी रोहित गर्ग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग का कहना है कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने बताया कि छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने के बाद व्रतियों ने उगते सूर्य को अघ्र्य देकर व्रत का समापन अदरक और गुड़ खाकर किया है। छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इससे पूर्व रविवार को स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग सोहना शहर स्थित खेलस्टेडियम में छठ पूजा के लिए बनाए गए घाट वाले आयोजन स्थल पर पहुंचे और मौजूद लोगों को छठ पर्व की बधाई दी। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने सभी को छठ



पूजा की बधाई दी और कहा कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है।

धूल रोकने के लिए किया जाए पानी का छिड़काव : मोहित खटटर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े प्रमुख समाजसेवी व बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने प्रशासन से मांग की है कि एनसीआर क्षेत्र के प्रमुख शहर शिवनगरी सोहना में सडक़ों पर उड़ रही धूल को नियंत्रित करने और प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए नगरपरिषद द्वारा नगरनिगम की तर्ज पर टैंकरों के माध्यम से पानी का छिडक़ाव कराया जाए और जहां-जहां निर्माण कार्य चल रहे है, उससे हो रहे प्रदूषण के दृष्टिगत निर्माण कार्यों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाए। उन्होने बताया कि सडक़ों से उडऩे वाली धूल के कारण वायु



प्रदूषण बढ़ रहा है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े प्रमुख समाजसेवी व बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने कहा कि जो सफाई कर्मचारी और लोग कूड़े-कचरे को एकत्रित कर उसे जला रहे है, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए और निर्धारित कानून के तहत 5 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया जाए ताकि कूड़ा-कचरा जलाने से प्रदूषित हो रहे वातावरण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जा सके। उन्होने कहा कि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां लागू होने के बावजूद स्थानीय नगरपरिषद अधिकारी लापरवाही बरत रहे है। सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव नही हो रहा है। जिससे धूल दिन-रात तेजी से उड़ रही है।

वाहनों के परिचालन अथवा थोड़ी सी हवा चलने पर धूल ज्यादा तेजी से उडऩे पर यह जहरीले कण लोगों के फेफड़ों में जाकर उन्हे जुकाम, खासी कर बीमार बना रहे है। आज तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण और जहरीली हो रही आबोहवा से बचाव के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी को समझे ताकि प्रदूषण पर समय रहते काबू पाया जा सके और पर्यावरण को बढ़ावा मिले। हवा शुद्ध रहे।

मोटरसाइकिल पर ले जाया जा रहा 90 किलो गौमांस बरामद-गौमांस सप्लायर गिरफ्तार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। गौतस्करी और गौमांस पर पाबंदी लगाने और सख्त कानून बनाने के बावजूद गौतस्कर व गौमांस सप्लायर अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है। पुलिस ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी डाल गौमांस को बिक्री के लिए ले जा रहे मोटरसाइकिल सवार को घेर लिया और तलाशी में मोटरसाइकिल पर 90 किलो ताजा गौमांस तथा साथ में एक कुल्हाड़ी मिलने पर गौमांस सप्लायर को पकड़ लिया है। पकड़ में आए गौमांस सप्लायर की पहचान जाकिर निवासी गांधीग्राम घासेड़ा, थाना व जिला नूंह मेवात के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। गौमांस से भरी मोटरसाइकिल व कुल्हाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मोटरसाइकिल पर बेचने के लिए ले जाया जा रहा 90 किलो गौमांस बरामद हुआ है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और पुलिस अधीक्षक नूंह डाक्टर अर्पित जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर खास से जानकारी हाथ लगी कि गांधीग्राम घासेड़ा में रहने वाला जाकिर गांव बाईकाडंडा में रहने वाले अपने दो साथियों जुनेद व रिज्जी के साथ मिलकर अरावली पहाडिय़ों में गौ कटान कर गौमांस बेचने का धंधा करते है और आज मोटरसाइकिल पर गौमांस लेकर जाकिर गौमांस सप्लायर को सप्लाई करने के लिए निकलने वाला है। सूचना को सही मान आकेड़ा पुलिस की एक टीम ने मालब-शेखपुर सडक़ मार्ग पर एक स्थान पर नाका लगा दिया। इसी दौरान जब वहां से जैसे ही मोटरसाइकिल सवार निकलने लगा तो पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को रूकने का संकेत किया तो सामने पुलिस टीम को खड़ी देख मोटरसाइकिल सवार युवक मोटरसाइकिल को सडक़ पर ही गिराकर खेतों की तरफ कूद भाग निकला। पुलिस ने काफी दूर तक उसका पीछा कर उसे पकडऩे में कामयाबी पाई है और पकड़ में आए गौमांस सप्लायर समेत गौमांस से भरी मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। मोटरसाइकिल में 90 किलो गौमांस व कुल्हाड़ी बरामद हुई है। पुलिस ने पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर पकड़े गए मांस बाबत जानकारी चाही तो पशु चिकित्सक ने बताया कि यह गाय का मांस है। पुलिस पकड़ में आए गौमांस सप्लायर से पूछताछ में जुटी है। गौमांस सप्लायर को पकडऩे वाले पुलिस अधिकारी का कहना है कि गौमांस सप्लायर की पहचान जाकिर निवासी गांधीग्राम घासेड़ा, थाना व जिला नूंह मेवात के रूप में हुई है। पुलिस अब उससे यह जानने का प्रयास कर रही है कि वह कब से इस अनैतिक धंधे से जुड़ा हुआ है। उसके साथ और कौन-कौन व किस-किस गांव के लोग संलिप्त है। किस स्थान पर गौकशी करने के बाद गौमांस को मोटरसाइकिलों के माध्यम से कहां-कहां, किस-किस स्थान पर किस-किसको सप्लाई किया जाता है ताकि सभी ठिकानों पर औचक छापेमारी कर ऐसे घृणित कार्य में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर उनकी सही जगह जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

गौभक्तों का कहना है कि क्षेत्र में चंद लोगों का ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो रात के वक्त चोरी के वाहनों में सडक़ पर बेसहारा घूमने वाली गायों को चोरी से वाहनों में चढ़ाकर गौकशी के लिए बदनाम कई पहाडिय़ों अथवा अपने ठिकानों पर उतार लेते है और उसके बाद गौकशी कर गौमांस बेचने के साथ-साथ गाय की उतारी गई खालों, सींगों, हडिडयों, दांतों आदि को बेचकर जनभावनाओं से खिलवाड़ करते हुए चांदी कूट रहे है। माना जा रहा है कि गौकशी के बाद गौमांस बिक्री में लगे गिरोह के लोग गौमांस को मोटरसाइकिलों पर लादकर भोर सवेरे व रात के अंधेरे में जगह-जगह गौमांस बिक्री कार्य को अंजाम दे रहे है और सोहना हलका के पहाड़ ऊपर व मेवात में कई स्थानों पर गौकशी और गौमांस बिक्री का यह धंधा हो रहा है और कई होटलों पर चोरी-छिपे गौमांस सप्लाई चल रही है।

खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह : सरपंच सुरज्ञान सिंह

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक में पूर्व राष्ट्रपति प्रणवमुखर्जी द्वारा गोद लिए गए नयागांव ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच सुरज्ञान सिंह का कहना है कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने बताया कि छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने के बाद व्रतियों ने उगते सूर्य को अघ्र्य देकर व्रत का समापन अदरक और गुड़ खाकर किया है। छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इससे पूर्व रविवार को नयागांव ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच सुरज्ञान सिंह अपने लाव-लश्कर के साथ कृष्णाकुंज, मारूतिकुंज, मोहननगर, रेयान इंकलेव, श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, साईकुंज में छठ पूजा के लिए बनाए गए घाटों वाले आयोजन स्थल पर पहुंचे और मौजूद लोगों को छठ पर्व की बधाई दी। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष और नयागांव ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच सुरज्ञान सिंह



ने सभी को छठ पूजा की बधाई दी और कहा कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की पुत्र की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है।

प्रदूषण पर रोक ना लगने तक चलाई जाए ऑनलाइन कक्षाएं : व्यापारी नेता जितेन्द्र मित्तल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल उर्फ सोनू मित्तल ने राज्य शिक्षा निदेशालय से मांग की है कि सोहना, भौंड़सी और आसपास क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे वायु प्रदूषण के दृष्टिगत देश के नौनिहाल कहलाने वाले विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने की बजाय जरूरी है कि विद्यार्थियों को स्कूलों में शिक्षा देने की बजाय ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली लागू की जाए और जब तक वायु प्रदूषण काबू में ना आए, ऑनलाइन कक्षाएं ही चलाई जाए। व्यापारी नेता जितेन्द्र मित्तल उर्फ सोनू मित्तल ने बताया कि बढ़ रहे प्रदूषण और खराब हो रही आबोहवा का बुरा असर अस्थमा व हृदय रोगियों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं पर भी पड़ता नजर आ रहा है। फिर भी संबंधित विभागों के अधिकारी प्रदूषण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाते नजर नही आ रहे है।

हर स्कूल में सुरक्षा ऑडिट कराया जाना दूरदर्शी निर्णय : भाजपा नेता जगदीश अंबावता



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर ने राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा राज्य में सभी सरकारी व निजी स्कूलों का समयबद्ध सुरक्षा ऑडिट कराने की संस्तुति किए जाने को वक्त की जरूरत बताते हुए सही निर्णय बताया है। उन्होने बताया कि राज्य मानव अधिकार आयोग ने पंचकूला के सेक्टर बीस स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 6 वर्षीय बच्चे के साथ बर्बरतापूर्वक तरीके से की गई मारपीट की घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रत्येक स्कूल का सुरक्षा ऑडिट कराने पर जोर दिया है। भाजपा नेता चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर ने बताया कि सुरक्षा ऑडिट के दौरान स्कूल में शिक्षकों की तैनाती, बच्चों की निगरानी, सीसीटीवी व्यवस्था और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की जांच के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। ऐसा होने पर हर स्कूल में बच्चों की सुरक्षा और अधिक कारगर तरीके से सुनिश्चित हो सकेगी और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक के अनुपात का भी ईमानदारी से पालन हो सकेगा।

18 को जुड़ेगा अहीर-यादव समाज का महाकुंभ : युवा समाजसेवी राजीव यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने रविवार को क्षेत्र में अहीर बाहुल्य गांवों का दौरा कर अहीर-यादव समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को अपने साथ 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में जुडऩे वाले अहीर-यादव समाज महाकुंभ में सपरिवार साथियों समेत चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि इस राष्ट्रव्यापी महाकुंभ में देश के विभिन्न प्रांतों से आया अहीर-यादव समाज अपनी एकजुटता दिखाने के साथ-साथ शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान दिलाने का काम करेगा। विभिन्न गांवों में अपने सम्मान में आयोजित लघुसभाओं में मौजूद ग्रामीणों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने वर्ष-1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला की धरती पर अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान दिए जाने के साथ-साथ रेजांगला की वीर गाथा को राष्ट्रीय पाठयक्रम में शामिल किए जाने, रेजांगला में अहीर धाम को राष्ट्रीय शौर्य स्थल के रूप में विकसित करने की मांग उठाते हुए कहा कि सरकार को उनकी रखी गई मांगों को केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द स्वीकृत कर लागू करने की पहल करनी चाहिए।

एसआईआर के बहाने विपक्ष को खत्म करने का हो रहा प्रयास : कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने 'लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ' मुहिम के तहत रविवार को कई गांवों में ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे देश व जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे है। ऐसे में सभी वर्गों को उनके साथ खड़ा होकर खुला साथ देना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि एसआईआर के बहाने देश में विपक्ष को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। जिसे कांग्रेस-ईडी गठबंधन किसी भी कीमत पर हर्गिज नही होने देगा।

नए-नए तुगलकी फरमानों से स्कूलों में कामकाज होगा प्रभावित : निहाल सिंह धारीवाल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने सरकारी स्कूलों में ग्रांट के लिए बनाए गए नए नियमों को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि इन नए तुगलकी फरमानों के लागू होने से स्कूलों में छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल होगा और स्कूल मुखियाओं को छोटे-छोटे कामों के लिए लम्बी प्रक्रिया से निकलना पड़ेगा। उन्होने बताया कि नई व्यवस्था में खर्चा बिलों का सत्यापन खंड शिक्षा अधिकारी करेंगे। उसके बाद ही स्कूल खाते से किए गए खर्चे का भुगतान जारी हो सकेगा। इतना ही नही नए लागू नियमों के तहत अब सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह के सामान की खरीद के लिए जीएसटी बिल पर ही सामान खरीद करना जरूरी बनाया गया है तो स्कूलों में होने वाले मरम्मत व मजदूरी से जुड़े कार्यों में संबंधित मजदूरों के पैनकार्ड और बैंक खाते का भी विवरण लिया जाना जरूरी बनाया गया है। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पंखे ठीक कराने हो या कोई छोटी-मोटी मरम्मत करानी हो अथवा कोई भी कार्य कराना हो, उसे अब तुरन्त नही कराया जा सकेगा।

दुकानों-गोदामों में रखे दाल स्टॉक का हर हफ्ते देना होगा हिसाब : दीपक गर्ग होंडा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा ने बताया कि खुले बाजार में विभिन्न तरह की दालों की कीमतें और कम करने के लिए सरकार ने कड़े कदम उठाए है। इतना ही नही इसी श्रंखला में दालों की जमाखोरी रोकने के लिए दाल कारोबार से जुड़े व्यापारियों, आयातकों, मिल संचालकों, डीलरों, दालों के थोक व खुदरा विक्रेताओं को अब हर सप्ताह अपने पास मौजूद दालों के स्टॉक की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर देना जरूरी बनाया गया है। ऐसा होने से बाजार में दालों के स्टॉक और दालों की कीमतों पर सरकार की सीधी नजर रहेगी। युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा ने बताया कि इसके साथ-साथ सरकार ने दालों की कीमते और ज्यादा नीचे लाने के लिए उड़द समेत विभिन्न तरह की दालों की सप्लाई ज्यादा बढ़ाने का निर्णय लिया है तो चीनी और चावल की कीमतें भी ज्यादा नीचे लाने के लिए सरकार विशेष फोकस करते हुए सभी जरूरी कदम उठा रही है।

दो दिवसीय युवा महोत्सव 19-20 को होगा आयोजित : धर्मबीर डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि दो दिवसीय युवा महोत्सव 19 व 20 नवम्बर को आयोजित होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक की आयु वाले युवा हिस्सा ले सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अंतिम तारीख 16 नवम्बर रहेगी। उन्होने बताया कि 6 अलग-अलग प्रतिस्पर्धाएं इस जिलास्तरीय युवा महोत्सव में आयोजित होगी, जिसमें समूह, लोक नृत्य, समूह लोक नृत्य, नुक्कड नाटक, कविता लेखन, चित्रकला और लोकवाद्य यंत्र समूह शामिल किए गए है। भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि इस दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का आयोजन युवा आधिकारिता व उद्यमिता विभाग की तरफ से किया गया है।

संगठन की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता निभाए अपनी भूमिका- जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की उपलब्धियां : डाक्टर अर्चना गुप्ता





ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को आयोजित भाजपा महानगर के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा नेता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि इस मौके पर भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित, निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण से ही पार्टी की विचारधारा तथा जनसेवा का संकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'संगठन गढ़े चलो, सुपथ पर बढ़े चलो' के मंत्र को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय और जनसेवा' भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक पहचान और संगठन की कार्य संस्कृति का मूल आधार है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी भावना के साथ समाज के बीच कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल पदाधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता जितना अधिक जनता के बीच सक्रिय रहेगा, संगठन उतना ही अधिक सशक्त होगा। भाजपा नेता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि इस मौके पर भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखें, समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार और सशक्तिकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठनात्मक एकजुटता, आपसी समन्वय और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा नेता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ता सम्मेलन से पूर्व भाजपा कार्यालय 'गुरु-कमल' के द्वितीय तल पर स्थापित गुरुग्राम महानगर भाजपा जिला कार्यालय का विधिवत रूप में उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा संगठन की मजबूती और जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय केवल बैठकों और प्रशासनिक गतिविधियों का स्थान नहीं, बल्कि संगठनात्मक समन्वय, कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, विचार-विमर्श, योजना निर्माण और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नया कार्यालय गुरुग्राम महानगर में संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यालय के माध्यम से संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ कार्यकर्ताओं तथा आमजन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, गुरुग्राम महानगर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, वेद फुल्लां एवं सत्यप्रकाश जरावता, जिला प्रभारी राजकुमार वोहरा, गुरुग्राम भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, जिला प्रभारी संदीप जोशी, प्रदीप सैनी जिला महामंत्री, महेंर सिंह गांधी उपाध्यक्ष, पूजा राघव सचिव, सुशीला पूनिया सचिव, पंकज शर्मा सचिव एडवोकेट प्रदीप प्रवक्ता सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छठ पूजा में महिलाएं सूर्य देवता से मांगती है पुत्री : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने छठ पूजा की श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा है कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। बायना बांटने के लिए बेटी और शिक्षित दामाद। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि सूर्यदेव व्रती महिला की पुत्र की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है।

वही परिवार चलाती है और अपने परिवार के लिए जन, धन और स्वास्थ्य की कामना करती है। वह एक नही दो-दो परिवारों में सुख-संपत्ति की कामना रखती है। उन्होने बताया कि इस व्रत में ब्याही लड़कियां भी मायके आती है। बाल-बच्चों के बड़े हो जाने पर वह स्वयं ससुराल में छठ मैया का व्रत रखती है। उन्होने बताया कि खगोल वैज्ञानिकों के लिए सूर्य सबसे बड़ा ग्रह है। देश और विदेश जहां भी पूर्वांचल के लोग रहते है, वहां वह स्थानीय लोगों के सहयोग से छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते है। उन्होने कहा कि छठ पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

विद्यालयों के समय में आज से बदला पढ़ाई का समय : शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिरसका में रहने वाले भाजपा में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने निजी और सरकारी विद्यालयों के समय में बदलाव कर दिया है। उन्होने बताया कि सोमवार, 16 नवम्बर से सभी सरकारी व निजी शिक्षा विद्यालयों का समय सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 3 बजे तक रहेगा। उन्होने बताया कि हरियाणा शिक्षा निदेशालय द्वारा लिए गए ताजा-ताजा निर्णय से सभी सरकारी व निजी स्कूलों के मुखियाओं को अवगत कराने के लिए इस बारे में शिक्षा निदेशालय ने प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को प्रपत्र के माध्यम से निर्देश दिए गए कि सर्दकालीन ऋतु को देखते हुए सभी निजी व सरकारी स्कूलों में सोमवार, 16 नवम्बर से कक्षाओं के लिए समय में बदलाव किया गया है। भाजपा नेता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि यदि किसी सरकारी विद्यालय में डबल शिफ्ट में पढ़ाई कराई जा रही है तो उस स्कूल में पहली शिफ्ट में सुबह 7 बजकर 55 मिनट से दोपहर साढ़े 12 बजे तक कक्षाएं लगेगी जबकि दूसरी शिफ्ट दोपहर 12 बजकर 40 मिनट से शाम सवा 5 बजे तक चलेगी। भाजपा में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि सभी निजी और सरकारी विद्यालयों के समय में 16 नवम्बर से किया गया यह बदलाव अगले वर्ष के 15 फरवरी तक लागू रहेगा।

मारूतिकुंज-नयागांव में छठ पूजा के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

नयागांव की कृष्णाकुंज कॉलोनी में छठ पूजा पर हुआ आयोजन-व्रती श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अघ्र्य

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर खंड के आदर्श गांव नयागांव ग्रामपंचायत के तहत लगने वाली नयागांव की कृष्णाकुंज कॉलोनी में विंग ग्लोबल स्कूल के समीप रविवार को छठ पूजा उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के गांवों में रहने वाले पूर्वांचल और बिहार से यहां आकर रह रहे परिवारों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर छठ मैया का पूजन करने आए लोगों ने बढ़ते प्रदूषण से बचाव और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा बम-पटाखे ना फोड़े जाने का संकल्प लिया। कृष्णाकुंज कॉलोनी में आज छठ पूजा उत्सव के चलते भोजपुरी गीतों की गूंज सुनाई पड़ी। वही छठ पूजा उत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग व शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक छठ पूजा समिति की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित कर हौसलाअफजाई की गई। देखने में आया कि छठ पूजा उत्सव में बिहार और पूर्वांचल के रहने वाले लोग अपने पारम्पारिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे श्रद्धाभाव से बांस निर्मित टोकरी में आयोजन स्थल पर आए। इस मौके पर क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष और नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर व अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल, सैनी युवा संगठन सोहना के प्रधान ओपी सैनी, सोहना शहर की सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाले इंजीनियर कृष्ण सैनी, कृष्णाकुंज कॉलोनी से मुन्ना ठेकेदार, प्रवीण सिंह, श्यामसुंदर, अरूण तिवारी, विजय गुप्ता, राकेश पटेल, विद्यासागर, राणाप्रताप सिंह, नरेन्द्र कुमार, रामप्रकाश मौर्या, जोगिन्द्र यादव, तरूण पांडे, शनि इंकलेव से आए संजय ठाकुर, संजय चौधरी, ज्ञानचंद मास्टर, प्रमोद तनवर, मास्टर आरपी सिंह, रामनिवास, राकेश कुमार, राधेश्याम, अमित ठाकुर, गरीबनाथ, ओमप्रकाश खटाना, जितेन्द्र खटाना, प्रमोद सिंह, अजय गुप्ता, सुधार सिंह, ओमपाल खटाना, जीतराम खटाना, डाक्टर प्रदीप कुमार, अजय गुप्ता, बीआर पांडे, जितेन्द्र खटाना, धर्मपाल खटाना, पूर्व मैंबर पंचायत लाल सिंह, संजय भाटी, प्रमोद कुमार, संजय, श्यामबीर, पप्पू शर्मा, बच्चन देव, मुकेश कुमार, शिवदयाल, रणधीर सिंह, अमित झा, किशोर, अयोध्याप्रसाद, अवधेश झा, चौधरी राजबीर सिंह, सुनील शर्मा, रोहित भाटी, मनोज खटाना, देविन्द्र खटाना, युवा समाजसेवी सागर खटाना, गौरव खटाना आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कई क्षेत्रीय नेताओं समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कई क्षेत्रीय नेता भी मारूतिकुंज, कृष्णाकुंज, मोहननगर, रेयान इंकलेव, श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, साईकुंज में छठ पूजा के लिए बनाए गए घाटों वाले आयोजन स्थल पर पहुंचे और मौजूद लोगों को छठ पर्व की बधाई दी। इससे पूर्व छठ पूजा आयोजन समिति से जुड़े भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष और नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी सागर खटाना, गौरव खटाना आदि ने बताया कि छठ पूजा 4 दिन चलने वाला पर्व है। पर्व के चौथे दिन सोमवार, 16 नवम्बर को छठ का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं द्वारा उगते सूर्य को अघ्र्य दिया जाएगा। 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद यह पूजा की जाती है। भगवान को अघ्र्य देने से पहले भी कई विधि-विधान किए जाते है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि, खुशहाली आती है। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष और नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर व अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि छठ पूजा होते ही अस्थाई रूप से बनाए गए तालाब को मिटटी से भर दिया जाता है। इससे पहले तालाब में भरे स्वच्छ पानी में श्रद्धालु खड़े होकर अघ्र्य देते है। यहां पर छठ उत्सव आयोजित होने से बिहार और पूर्वांचल प्रदेशों से यहां आकर प्रवासी परिवारों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी जातपात और पार्टीबाजी से ऊपर उठकर जिस तरह छठ पूजा आयोजन में अपना परस्पर सहयोग दिया है, उससे अनेकता में एकता की भावना बलवती होती है। उन्होने बताया कि छठ पूजा में घी और गुड से मिश्रित प्रसाद बनाया गया है, जिसे ठेकुआ कहा जाता है। इसके अतिरिक्त केला, नीबू, नारियल, अदरक, गन्ना, नारियल, कच्ची हल्दी, कलावा, कपूर, सूतनी, लाल चावल, उड़द की दाल, सिंदूर, सरल, कलम गट्टा, जौ, सीताफल, सूप और मौसमी फल भी शामिल किए जाते है। छठ पूजा आयोजन समिति से जुड़े भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष और नयागांव के पूर्व सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि छठ पूजा का उल्लेख प्राचीन धर्म ग्रंथों में भी पाया जाता है। एक मान्यता के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम और माता सीता ने व्रत रखकर भगवान सूर्यदेव की आराधना की और सप्तमी को सूर्योदय के समय पुन: अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद लिया था।

तभी से छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाने लगा। उन्होने बताया कि इस व्रत की चर्चा श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मावर्वत पुराण, देवी पुराण आदि प्राचीन ग्रंथों में विस्तार से है। ऋग्वैदिक काल से सूर्य उपासना होती आ रही है। मध्यकाल से छठ पूजा व्यवस्थित रूप से प्रचलन में आई। उन्होने बताया कि महाभारत काल में कर्ण सूर्यदेव की पूजा करते हुए सूर्य की कृपा से महान योद्धा बने थे। कालखंड में पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने सूर्य की पूजा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना से की थी। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि पद से बोलते हुए सैनी युवा संगठन सोहना के प्रधान ओपी सैनी ने कहा कि सूर्य को शक्ति का देवता माना गया है। सूर्य की आराधना काफी महत्व रखती है। ऐसी मान्यता है कि छठ मैया सूर्य भगवान की बहन है। उनको प्रसन्न करने के लिए जीवन में सूर्य और जल की सर्वाधिक महता मानते हुए सूर्य की आराधना पवित्र जल में खड़े होकर की जाती है। वही छठ पूजा में आई महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि छठ अकेला ऐसा महापर्व है, जिसमें महिलाएं सूर्य देवता से बेटी मांगती रही है। यह व्रत घर-परिवार में स्त्री की विशेष स्थिति का दिग्दर्शन कराता है। इस पर्व से जुड़े गीतों में स्त्री की प्रधानता है। इतना बड़ा व्रत वह स्वयं करती है। पुरूष उसको सहयोग देता है। गीतों में सूर्य देव की उपासना के बाद छठ मैया से मांग रखती है कि हल, बैल और हलवाया यानि घर की आर्थिक उन्नति, फिर सभा में बैठने के लिए बेटा और नुपूर ध्वनि सुनने के लिए बहू मांगती है। इसके बाद कामधेनु गाय और सेवक-सेविकाएं मांगती है। सूर्यदेव व्रती महिला की मांग सुनकर कहते है कि स्त्री सभी गुणों से पूर्ण है। वही परिवार चलाती है और अपने परिवार के लिए जन, धन और स्वास्थ्य की कामना करती है। वह एक नही दो-दो परिवारों में सुख, संपत्ति की कामना रखती है। उन्होने बताया कि इस व्रत में ब्याही लड़कियां भी मायके आती है। बाल-बच्चों के बड़े हो जाने पर वह स्वयं ससुराल में छठ मैया का व्रत रखती है।